शुक्रवार
22 सितंबर 2023

डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




8 साल की नौकरी में खड़ी कर दी सात करोड़ रुपये की संपत्ति

2



### ग्रेटर नोएडा में पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया शुभारंभ, बोलीं...

# यूपी के इकोनॉमिक ग्रोथ की उपलब्धि सराहनीय

- राष्ट्रपति ने कहा- उप्र ने पिछले 6 साल में देश के आर्थिक विकास में दिया है अपना विशेष योगदान
- यूपी की जीडीपी 2016-17 में 13 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 22 लाख करोड़ पहुंच गई है

**केटी न्यूज ब्यूरो/ग्रेटर नोएडा**

उत्तर प्रदेश के इकोनॉमिक ग्रोथ की उपलब्धि सराहनीय है। प्रदेश ना सिर्फ भारत में सबसे तेजी से बढ़ती हुई राज्य अर्थव्यवस्था है बल्कि देश के 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने के संकल्प को पूरा करने में यूपी का योगदान अहम है। इसके लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी टीम का प्रयास सराहनीय है। ये बातें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के शुभारंभ के अवसर पर कही। उन्होंने ट्रेड शो में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए यहां आयोजित प्रदर्शनी को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

राष्ट्रपति ने कहा कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए यूपी के उत्पादों को देश-विदेश के बाजारों तक पहुंचाने का प्रयास बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस ट्रेड शो में 2000 से अधिक निर्माता अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश ने पिछले 6 साल में देश के आर्थिक विकास में अपना विशेष योगदान दिया है। यूपी की जीडीपी 2016-17 में 13 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 22 लाख करोड़ पहुंच गई है। इकोनॉमिक ग्रोथ की ये उपलब्धि निःसंदेह सराहनीय है।



### यूपी ने आर्थिक विकास-निवेश के क्षेत्र में नये कदम उठाए

राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में यूपी ने आर्थिक विकास और निवेश के क्षेत्र में नये कदम उठाए हैं। निवेश को सरल, व्यापार को सुगम बनाने और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को गति देने के परिणाम स्वरूप यूपी आज देश में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बन चुका है। भारत जो आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और शीघ्र ही यह विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए संकल्पबद्ध है। इस राष्ट्रीय संकल्प को पूरा करने में उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान है। यूपी ने अपनी अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में यूपी सरकार और यहां की जनता महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

### जी-20 सम्मेलन की सफलता से पूरा विश्व समुदाय प्रभावित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यूपी में एमएसएमई के लिए अच्छा ईको सिस्टम विकसित किया जा रहा है। 96 लाख एमएसएमई इकाइयों के साथ यूपी देश के सभी राज्यों में प्रथम स्थान पर है। लैंडलॉक राज्य होने के बावजूद प्रदेश का निर्यात निरंतर बढ़ रहा है। राज्य का निर्यात 2017-18 में 88 हजार करोड़ से बढ़कर 1लाख 75 हजार करोड़ तक पहुंच गया है। ये प्रदेश के उद्यमियों की मेहतन तथा योग्यता का परिणाम है। हाल ही में जी-20 सम्मेलन की सफलता से पूरा विश्व समुदाय प्रभावित है। यूपी के आगरा, लखनऊ, वाराणसी और ग्रेटर नोएडा में जी-20 के विभिन्न समिट आयोजित हुए। वहीं ग्रेटर नोएडा में अब आयोजित ये ट्रेड शो भी जरूर सफल होगा।

### सात समुंदर पार से भारत खींच लाई ब्रांड यूपी की धमक
### कारोबारी बोले... योगी राज में हुआ यूपी का कायाकल्प

माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में यूपी का चौतरफा विकास हो रहा है। कभी बदतर कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार के लिए बदनाम यूपी आज सुशासन का पर्याय बन गया है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर हो चुकी है। हाइवे, सड़कों का जाल बिछ चुका है। यही, कारण है कि जहां पहले निवेशक राज्य से बाहर जा रहे थे, वहीं योगी राज में सात समुंदर पार से निवेशक निवेश के लिए आ रहे हैं। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट में शुरू हुए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के पहले ही दिन रोमानिया समेत कई अन्य देशों के कारोबारी पहुंचे। कारोबारियों ने ट्रेड शो के आयोजन की सराहना की।



ट्रेड शो पहुंचे रोमानिया के कारोबारी टिओडोर क्यूरिया यूपी के उद्यमियों से मिलकर बहुत खुश दिखे। उन्होंने कहा कि वो पहली बार भारत में इस तरह के ट्रेड शो में शामिल हो रहे हैं। कंस्ट्रक्शन का कारोबार करने वाले टिओडोर ट्रेड शो में कारोबार की संभावना तलाशने आए थे। वहीं रोमानिया के ही एक अन्य कारोबारी रसवन पॉप ने कहा कि योगी सरकार कारोबार को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक कदम उठा रही है।



यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इंदौर के 15 कारोबारियों का समूह एक साथ पहुंचा। कारोबारी मेहूल दूबे ने कहा कि योगी के नेतृत्व में यूपी का चौतरफा विकास हो रहा है। यूपी के विकास की चर्चा अब हर तरफ होती है। सीएम योगी का पूरा ध्यान अपने प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर करने की ओर है। उनके प्रयास की बदौलत यूपी अब एक ब्रांड बन चुका है। यूपी के कारीगरों को इस तरह के आयोजनों से बहुत लाभ मिलेगा।



ट्वॉय बैग खिलौना कंपनी चलाने वाले अंकित लाल यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के भव्य आयोजन से काफी खुश नजर आए। अंकित ने कहा कि पूर्व की सरकारों की तुलना में योगी सरकार बहुत काम कर रही है। यह योगी सरकार का प्रयास ही है कि इतना बड़ा आयोजन धरातल पर उतर सका है। उद्यमियों को आकर्षित करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सरकार कलाकारों को प्रमोट करने के लिए लगातार आयोजन कर रही है। इस तरह के आयोजनों से यूपी के कारोबारियों के लिए विदेश में व्यापार के दरवाजे खुलेंगे। विदेशी कंपनियों के साथ कारोबार के मौके और बढ़ेंगे।

## कांग्रेस सांसदों ने उठाई मांग, तुरंत लागू करें महिला आरक्षण कानून



### राज्य सभा में भी पास हुआ बिल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

संसद के विशेष सत्र के दौरान गुरुवार को राज्यसभा में सरकार ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पेश किया। इस बीच लोकसभा में विधेयक के पास होने पर पीएम मोदी ने सभी सांसदों का आभार जताया और इसे संसदीय इतिहास का स्वर्णिम अवसर करार दिया। राज्यसभा में चर्चा के दौरान महिला आरक्षण बिल पर कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा, कांग्रेस पार्टी इसका राज्यसभा में भी समर्थन करेगी... इन्होंने 2014 से अब तक कुछ नहीं किया। अब जब 9.5 साल हो गए हैं (भाजपा सरकार को) तब वे इसे सिर्फ चुनाव के लिए लेकर आ रहे हैं। इसमें ऐसी शर्तें लगाई हैं, जिससे यह अगले 10 साल तक लागू नहीं हो पाएगा।

बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा, हम चाहते हैं कि इस बिल में हर समाज की महिलाओं के लिए आरक्षित सीट हो... हम इस बिल को पूरा समर्थन देंगे। ये बिल पास आज हो जाएगा, लेकिन कब लागू होगा इसका पता नहीं है। जनगणना होगी तब ये लागू होगा फिर इसके बाद परिसीमन होगा तब महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। हम तो चाहते हैं इस पर काम जल्द से जल्द हो। ये बिल को गुमराह करने के लिए लाया जा रहा है। ये केवल जुमलेबाजी है। महिला आरक्षण बिल पर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि इसमें बीजेपी की नीयत साफ नहीं है। अगर नीयत महिला सशक्तिकरण की थी तो इसे तुरंत लागू करना चाहिए था।

कांग्रेस सांसद नसीर हुसैन, नीरज डांगी, अमी याजनिक, रंजीत रंजन, रजनी पाटिल, फूलो देवी नेताम, राजमणि पटेल, जेबी माथेर, डॉ. एल. हनुमंतैया ने महिलाओं के लिए ओबीसी आरक्षण को 33% के भीतर और सीटों की वर्तमान व्यवस्था में महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने के लिए संशोधन पेश किया है। कपिल सिब्बल ने कहा कि सरकार को यह आश्वासन देना चाहिए कि अगर 2029 से पहले जनगणना और परिसीमन नहीं होता तो दोनों अपने पद से इस्तीफा दे देंगे।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर पहुंचे, जहां उन्होंने कुलियों से मुलाकात की। इस दौरान राहुल गांधी कुली के कपड़े पहनते हुए भी नजर आए। वीडियो में राहुल गांधी को कुली की लाल शर्ट पहनते हुए देखा जा सकता है और एक दूसरा शख्स उनकी मदद करता भी दिख रहा है। इतना ही नहीं कांग्रेस नेता ने कुली का बैज भी लगाया, साथ ही यात्रियों का सामान उठाते हुए भी नजर आए। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद कुली और ऑटो ड्राइवर काफी खुश नजर आए। इस दौरान उन्होंने कहा कि बड़ी खुशी हुई कि राहुल गांधी हमसे मिलने के लिए यहां आए। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने कुलियों को आश्वासन दिया है कि वो उनकी सारी समस्याओं को सरकार के सामने रखेंगे और परेशानियों को हल किया जाएगा।

## भारत ने कनाडा के लोगों के लिए वीजा सर्विस पर लगाई रोक

**एजेंसी/नई दिल्ली**

खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा में विवाद के बीच केंद्र सरकार ने गुरुवार को बड़ा फैसला लिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि कनाडा के लोगों को फिलहाल वीजा नहीं मिलेगा। इसके पीछे उन्होंने सुरक्षा का हवाला दिया। बागची ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोप पर कहा कि ये राजनीति से प्रेरित है। ये आरोप निराधार है। इस पूरे मामले में कनाडा सरकार की ओर से हमें कोई जानकारी नहीं दी गई।

दरअसल हाल ही में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया था कि भारतीय एजेंट का निज्जर के मर्डर में हाथ हो सकता है। बागची ने कहा कि हमें उपलब्ध कराई गई किसी भी विशिष्ट जानकारी पर गौर करने के लिए हम तैयार हैं, लेकिन अभी तक हमें कनाडा से कोई विशेष जानकारी नहीं मिली है। हमारी ओर से कनाडा में रहकर कुछ लोगों के आपराधिक गतिविधियों के बारे में सबूत कनाडा के साथ साझा किए गए हैं, लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं की गई है।

बागची ने आगे बताया कि कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान कई मामले उठाए था। इसे पीएम मोदी ने खारिज कर दिया था। उन्होंने बताया कि 20 से ज्यादा ऐसे मामले हैं, जिसको लेकर भारत ने लिस्ट दी है। इसपर कनाडा की सरकार से एक्शन लेने को कहा है। बागची ने कहा, प्रतिष्ठा को नुकसान की बात नहीं करें अगर कोई देश है जिसे चिंता करने की जरूरत है तो वह कनाडा है। जिसकी आतंकवादियों, उग्रवादियों और संगठित अपराध के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह के रूप में प्रतिष्ठा बढ़ रही है।

### जनहित याचिका पर चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

# मतदाता सूची के लिए अनिवार्य नहीं रहेगा आधार नंबर

- शीर्ष अदालत ने जनहित याचिका पर 27 फरवरी को चुनाव आयोग को जारी किया था नोटिस
- दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद भारत के मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने जनहित याचिका का किया निपटारा

**केटी न्यूज ब्यूरो/ग्रेटर नोएडा**

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी है कि आधार को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने के संदर्भ में फॉर्म में 'स्पष्टीकरणात्मक' बदलाव करेगा। इससे मतदाताओं को पता चलेगा कि यह वैकल्पिक है। आयोग ने यह जवाब जी निरंजन द्वारा दायर जनहित याचिका पर दिया। शीर्ष अदालत ने जनहित याचिका पर 27 फरवरी को चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया था। इस याचिका में मतदाताओं के पंजीकरण (संशोधन) नियम, 2022 के नियम 26 बी में स्पष्टीकरण देने के संदर्भ में मांग की गई थी। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जनहित याचिका का निपटारा कर दिया।



**फॉर्म में 'स्पष्टीकरणात्मक' बदलाव किया जाएगा- चुनाव आयोगः** चुनाव आयोग ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि वह मतदाता सूची में नये मतदाताओं को जोड़ने और पुराने मतदाताओं के रिकॉर्ड को अपडेट करने के लिए आधार नंबर की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए अपने फॉर्म में बदलाव करेगा। इसमें यह स्पष्ट किया जाएगा कि मतदाता पहचान पत्र के लिए आधार वैकल्पिक है। इस दौरान, चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सुकुमार पट्टजोशी ने कहा कि मतदाता सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में 66 करोड़ से अधिक आधार नंबर पहले ही अपलोड किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने दोहरी प्रविष्टियों को खत्म करने के लिए एक नया नियम बनाया था। इसमें आधार को मतदाता सूचियों से जोड़ने की बात कही गई थी।

**डिफॉल्टर उधारकर्ता किसी भी समय बकाया चुकाकर गिरवी संपत्तियों की नीलामी प्रक्रिया विफल नहीं कर सकतेः** सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली सेलिर एलएलपी की अपील पर फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि डिफॉल्टर उधारकर्ता किसी भी समय बकाया चुकाकर गिरवी संपत्तियों की नीलामी प्रक्रिया को विफल नहीं कर सकते। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने यह भी कहा कि अगर कोई उधारकर्ता एनपीए की वसूली को नियंत्रित करने वाले कानून के तहत नीलामी नोटिस के प्रकाशन से पहले वित्तीय संस्थानों को बकाया नहीं चुका पाता है तो ऐसे में वह अपनी गिरवी रखी संपत्ति को छुड़ाने की मांग नहीं कर सकता है।

पीठ ने कहा कि यह अदालतों का कर्तव्य है कि वे आयोजित किसी भी नीलामी प्रक्रिया की पवित्रता की रक्षा करें। अदालतों को नीलामी में हस्तक्षेप करने से गुरेज करना चाहिए। अन्यथा यह नीलामी के मूल उद्देश्य और उद्देश्य को विफल कर देगा और इसमें जनता के विश्वास और भागीदारी को बाधित करेगा।




## बांका के विद्युत कार्यपालक अभियंता के घर छापा

# 8 साल की नौकरी में खड़ी कर दी सात करोड़ की संपत्ति





शिकंजे में भ्रष्ट अफसर

विजिलेंस की टीम ने कई जिलों में मारा छापा

**केटी न्यूज/पटना**

स्पेशल विजिलेंस यूनिट की टीम ने गुरुवार की सुबह बांका के विद्युत कार्यपालक अभियंता संजीव कुमार गुप्ता के कई ठिकानों पर छापेमारी की। विजिलेंस ने अभियंता संजीव कुमार गुप्ता के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में विशेष निगरानी इकाई, पटना द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी गई है। अब तक की जानकारी के अनुसार संजीव कुमार गुप्ता ने अपने 8 साल की नौकरी में सरकारी कार्य से वेतन के रूप में लगभग 66 लाख रूपए प्राप्त किए हैं, जबकि कुल चल-अचल सम्पत्ति की बरामदगी लगभग 07 करोड़ रुपए की हुई है, जिसमें कि 15 लाख रुपए की एक कार, 40 लाख रुपए नकद, 30 लाख का गोदाम और पूर्व भूमि सम्बंधी भू-खण्ड शामिल है।

संजीव कुमार गुप्ता की नियुक्ति वर्ष 2014 में विद्युत सहायक अभियंता के पद पर हुई थी। संजीव कुमार गुप्ता पर आरोप है कि सरकारी सेवा में रहते हुए उन्होंने गलत तरीके से अकूत सम्पत्ति अर्जित की है, जो कि उनके द्वारा प्राप्त वेतन एवं अन्य ज्ञात स्त्रोतों की तुलना में बहुत ही अधिक है। इसी आरोप पर उन पर कुल 1,03,89,713 रुपया गैरकानूनी और नाजायज ढंग से संपत्ति अर्जित करने के कारण मामला दर्ज किया गया है। ज्ञात स्त्रोंतो के अनुसार कांड में वर्णित आरोपों के आधार पर लगभग 97.28% से अधिक आय से अधिक सम्पत्ति का मामला है।

मामला दर्ज होने के बाद संजीव कुमार गुप्ता के खिलाफ न्यायालय में आवेदन देकर तलाशी वारंट के आधार पर पूर्णिया, भागलपुर और बांका में उसके आवास, कार्यालय में तलाशी चली। अब तक मिली जानकारी के अनुसार यह पता चला है कि संजीव कुमार गुप्ता ने अपने कार्यवधि में विभिन्न जगह पदस्थापित रहने के दौरान अकूत चल और अचल संपत्ति अर्जित की है।

### विजिलेंस को मिला है 9 भूखंड का पता

संजीव कुमार गुप्ता के खिलाफ हुई जांच में विशेष विजिलेंस यूनिट ने पाया है कि कार्यपालक अभियंता ने चल और अचल संपत्तियां पटना (दानापुर) और अन्य जगहों पर बनाई हैं। बांका, पूर्णिया और भागलपुर में आरोपित के कार्यालय और आवासीय परिसरों में तलाशी ली जा रही है। तलाशी के दौरान अभी तक प्राप्त सूचना के अनुसार 09 भूखंड मिला है, जिसकी कीमत 04 करोड़ से भी अधिक है। इनके द्वारा निर्मित एवं क्रय किए गए मकान की अनुमानित लागत लगभग 01 करोड़ से अधिक है।

### दूसरे प्रदेशों में भी संपत्ति मिलने की संभावना

विभिन्न बैकों में संजीव कुमार गुप्ता और उसकी पत्नी के नाम से 02 लॉकर, 10 बैंक खाता एवं बैंक फिक्स डिपॉजिट में 30 लाख से ज्यादा का निवेश का पता चला है। अपनी नाबालिग पुत्री के नाम पर भी 03 लाख का एक फिक्स डिपॉजिट है, संजीव कुमार गुप्ता और उनकी पत्नी के नाम से एलआईसी पॉलिसी भी प्राप्त हुई है। अभी कई जमीन के डीड होने के प्रमाण मिले हैं। वहीं, विजिलेंस के अनुसंधान के दौरान संजीव द्वारा अर्जित आय से अधिक संपत्ति प्रदेश से बाहर मिलने की संभावना है। विजिलेंस के अनुसार इस मामले में संजीव के ससुर की भूमिका भी संदिग्ध है, जो रेलवे में सीनियर सेक्शन इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं।

# राज्य के 3.64 करोड़ बच्चों को खिलाई जाएगी कृमि मुक्ति की दवा

- आज से राज्य के 24 चयनित जिलों में चलेगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम, स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर लोगों को दी जाएगी दवा
- छूटे बच्चों को दवा खिलाने के लिए 27 सितंबर को चलेगा मॉप अप राउंड




**केटी न्यूज/पटना**

राज्य के 24 चयनित जिलों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। पत्र में कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर भी चर्चा की गयी है एवं तीनों विभाग के आपसी समन्वय की जरूरत पर भी जोर दिया गया है। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, शिशु स्वास्थ्य डॉ. विजय प्रकाश राय ने बताया कि कृमि मुक्ति दिवस का उद्देश्य समुदाय में लक्षित उम्र के बच्चों को एक साथ दवा खिलाकर कृमि संक्रमण के चक्र को तोड़ना होता है। उन्होंने बताया कि कृमि संक्रमण के कारण बच्चों का पोषण, शारीरिक एवं मानसिक विकास प्रभावित होता है। डॉ. राय ने बताया कि कृमि संक्रमण के कारण बच्चों में थकावट, कमजोरी, जी मिचलाना, पेट दर्द, दस्त की समस्या जैसी शिकायतें होती हैं। संक्रमण के कारण बच्चों की स्कूल में उपस्थिति एवं सीखने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। एविडेंस एक्शन के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि राज्य में कृमिमुक्ति दिवस के अवसर पर 3.64 करोड़ बच्चे एवं किशोर किशोरियों को अल्बेंडाजॉल दवा सेवन करायी जाएगी। उक्त दिन दवा सेवन से छूटे बच्चों को दवा खिलाने के लिए 27 सितंबर को मॉप अप दिवस आयोजित कर दवा खिलाई जाएगी।

जारी पत्र में यह निर्देश दिया गया है कि राज्य के चयनित 24 जिलों अरवल, वैशाली, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, कटिहार, औरंगाबाद, पूर्वी चंपारण, शिवहर, भागलपुर, जहानाबाद, गोपालगंज, सुपौल, बांका, गया, सिवान, सहरसा, जमुई, कैमूर, सारण, खगड़िया, शेखपुरा, मुजफ्फरपुर, बेगुसराय एवं मुंगेर में 22 सितंबर को कृमिनाशक दवा अल्बेंडाजॉल 400 मिलीग्राम दवा उम्र के अनुपात में खिलाई जाएगी। अभियान के तहत उक्त चयनित जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, मदरसा, संस्कृत विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्रों सहित सभी तकनीकी एवं गैर तकनीकी संस्थानों में अल्बेंडाजॉल दवा की प्रदायिकी की जाएगी. राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस कार्यक्रम की तैयारियां एवं क्रियान्वयन शिक्षा, समाज कल्याण, जीविका, पंचायती राज, विज्ञानं एवं प्रौद्योगिकी तथा स्वास्थ्य विभाग आदि के समन्वय से किया जाना है।

कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य टीम घर-घर दस्तक देगी और बीमारी से बचाव के लिए जागरूक करेंगी। साथ ही इस दौरान लोगों को अपने सामने दवा खिलायेंगे और लोगों को जागरूक करेंगे। इस टीम में ऑगनबाड़ी सेविका, आशा समेत अन्य कर्मियों को भी शामिल किया जाएगा जो कार्यक्रम के सफल संचालन के हर स्तर पर कार्य करेगी।

**उम्र के अनुसार खिलाई जाएगी दवा:** उक्त कार्यक्रम के दौरान उम्र के अनुसार लोगों को दवा खिलाई जाएगी। 01 से 02 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली, 02 से 03 वर्ष को एल्बेंडाजोल की एक गोली एवं 3 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक गोली खिलानी है।

# महिला पुलिस अधिकारी मांग रही थी घूस, वैशाली एसपी ने किया सस्पेंड

**केटी न्यूज/पटना**

हाजीपुर से एक ऑडियो वायरल हुआ है जिसमें एक महिला पुलिस अधिकारी केस पर कार्रवाई करने के बदले में फोन पर रुपये मांग रही है। इस ऑडियो के सामने आने के बाद वैशाली के एसपी रवि रंजन ने फोन पर पैसे मांगने के आरोप में महिला अधिकारी को सस्पेंड कर दिया है।

रिश्वतखोर महिला पुलिस अधिकारी पूनम कुमारी को केस का आईओ बनाया गया था। पूरा मामला हाजीपुर के महनार थाने का है। इस थाने में अवर निरीक्षक के पद पर पूनम कुमारी हैं। थाना क्षेत्र के लावापुर पूर्वी टोला के रहने वाले सिंटू राय और रामानंद राय के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद 29 अगस्त को थाने में सिंटू राय की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई थी। पूनम कुमारी ने सिंटू राय से न्याय दिलाने और मदद के नाम पर पैसे की मांग कर दी। इस मामले में सिंटू राय ने कहा कि 25 हजार की डिमांड की गई थी। हमने एक बार 5000 और एक बार 10 हजार दिए हैं। 10 हजार और बाकी था जो देना था। पैसे लेने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई थी।

### वायरल ऑडियो में क्या है बातचीत

सिंटू राय ने पूनम कुमार को फोन कर केस को देखने के लिए कहा। इस पर पूनम कुमारी ने कहा कि अभी हम रेस्ट में हैं। आपको जो हम बोले थे आप करते ही नहीं है, बोलते हैं बाद में करेंगे। सिंटू राय ने कहा कि हमारी भी बात सुनिए मैडम हम भी इंसान ही हैं, पत्नी बीमार है जिसको लेकर हम इलाज से परेशान हैं। पूनम कुमार ने कहा कि जहां तक सकने की बात नहीं है, हम जो कह दिए हैं वही होगा। वैसे अभी हम फिलहाल बीमार हैं तो जान देकर करें। पूनम कुमारी ने यह भी कहा कि कांस्टेबल की तरह करके जो चले गए हैं उसमें सोचिएगा कि काम हो जाए तो संभव नहीं है।

# विकास मित्र, टोला सेवक ने मानेदय बढ़ाए जाने पर मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से गुरुवार को विकास मित्र, टोला सेवक एवं तालिमी मरकज के शिष्टमंडल ने पटना में मुलाकात की। शिष्टमंडल में शामिल सदस्यों ने मानदेय में बढ़ोत्तरी किये जाने पर मुख्यमंत्री के प्रति अपना आभार प्रकट कर उनका अभिनंदन किया एवं पूरी तन्मयता से अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करने के प्रति मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया ।

शिष्टमंडल में शामिल सदस्यों ने मुख्यमंत्री को पौधा, पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह एवं फूलों की बड़ी माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री ने शिष्टमंडल में शामिल सदस्यों से कहा कि आप सभी अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से करें ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक ससमय पहुँचे। आपके कार्य की बेहतरी को ध्यान में रखते हुये सरकार ने प्रतिमाह मिलने वाले मानदेय में बढ़ोत्तरी की है। आपकी जिम्मेवारियों को और अधिक बढ़ाया जायेगा । आप सभी पूरी निष्ठा से अपना काम करें। न्याय के साथ विकास को ध्यान में रखते हुये हर तबके और हर इलाके का विकास किया जा रहा है। जन आकांक्षाओं और आवश्यकताओं के अनुरूप हर प्रकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुँचाया जा रहा है।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ व अन्य उपस्थित थे।



# पीएनबी लूटकांड के 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली, लुटेरों की नहीं हुई शिनाख्त

- बुधवार की शाम लुटेरों ने बैंककर्मियों को बंधक बना लूट लिए थे 19.5 लाख

**केटी न्यूज/बक्सर**

बुधवार की शाम सिमरी थाना क्षेत्र के बड़का सिंहनुपरा गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से हथियारबंद लूटेरों ने बैंककर्मियों को बंधक बना 19 लाख 48 हजार 248 रूपए लूट लिए थे। इस घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस अभी तक इस कांड में शामिल लूटेरों की शिनाख्त नहीं कर सकी है। बल्कि लूटेरों तक पहुंचने के लिए पुलिस हवा में तीर मार रही है। बता दें कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने इस चुनौती के रूप में लिया था। खुद एसपी मनीष कुमार मौके पर पहुंच जांच पड़ताल का नेतृत्व कर रहे थे। पटना से एसएफएल की टीम को भी बुलाया गया। लेकिन अबतक पुलिस लूटेरों की पहचान भी नहीं कर पाई है। वही घटना के दूसरे दिन गुरूवार को भी बैंककर्मी सहमें नजर आ रहे थे। हालांकि बैंक परिसर खुला हुआ था। वहा सुरक्षा कर्मी मौजूद थे। ग्राहक भी आ रहे थे। लेकिन सबके चेहरे पर एक अनजाना भय बना हुआ था कि कही लूटेरे फिर से न आ धमके।



**बैंक में नहीं तैनात थे सुरक्षाकर्मी:** बुधवार को जब लूटेरों ने इस बैंक पर धावा बोला था तो यहां कोई सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं था। जिस चौकीदार की यहां ड्यूटि लगाई गई थी वह छुट्टी पर था। लिहाजा लूटेरों का काम आसान हो गया था। बैंककर्मी कुछ समझ पाते इसके पहले ही लूटेरे हथियार के बल पर उन्हें अपने कब्जे में ले चुके थे।

**लाइनर की भूमिका निभाने वालों की हो रही पड़ताल:** पुलिस सूत्रों की मानें तो इस घटना में किसी स्थानीय अपराधी ने ही लाइनर की भूमिका निभाई होगी। पुलिस उसी के सहारे लूटेरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। घटना के बाद से ही पुलिस लाइनर की तलाश में जुट गई है। इस कड़ी में पुलिस बैंक के सीसीटीवी को खंगालने के साथ ही आस पास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाल रही है।

**क्या कहते हैं एसपी:** पुलिस लूटेरों की शिनाख्त कर रही है। बैंक के अलावे आस पास में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है। जल्दी ही लूटेरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। – **मनीष कुमार, एसपी, बक्सर**

## राजपुर थाना क्षेत्र का मामला, शराब लदी स्कॉर्पियो और बुलेट जब्त

# पत्रकार बन कर रहे थे शराब तस्करी 40 कॉर्टन शराब के साथ दो गिरफ्तार

- तस्करों के पास से मिला 83300 रुपए नकद एक लोकल चैनल का आईकार्ड व माइक
- तिलकारा गांव में यूपी से शराब की बड़ी खेप आने की सूचना पर चौकन्नी हुई पुलिस ने की कार्रवाई
- रुपए का लेन-देन करने के दौरान पुलिस ने मारा छापा

**केटी न्यूज/बक्सर**







शराबबंदी वाले बिहार में शराब तस्करी के रोज नये नये किस्से सामने आ रहे है। ताजा मामला राजपुर थाना क्षेत्र का है जहां यूपी के दो तस्कर पत्रकार बन शराब की खेप लेकर बिहार आए थे। लेकिन ऐन वक्त पर पुलिस ने उनका खेल बिगाड़ दिया। उनके पास से 40 कॉर्टन में कुल 360 लीटर देशी शराब, 83.300 नकद रूपए, एक स्कार्पियो, एक बुलेट वाहन के अलावे एक लोकल चैनल का आईकार्ड व माइक मिला है। गिरफ्तार तस्करों में एक खुद को यूपी के एक लोकल चैनल का पत्रकार बता रहा था। लेकिन पुलिस ने उसकी एक न सुनी।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम राजपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि तिलकारा गांव में यूपी से शराब की एक बड़ी खेप आई है। जिसकी डील शिवमंदिर के पास हो रही है। इस सूचना पर रात में ही राजपुर पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान शराब से लदी स्कार्पियों का पिछला दरवाजा खुला था तथा वहां एक बुलेट बाइक भी खड़ी थी। जबकि तीन लोग रूपए का लेन देन कर रहे थे। पुलिस को आते देख तीनों भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने दौड़ाकर दो को पकड़ लिया, जबकि तीसरा अंधेरे का फायदा उठा भागने में सफल रहा। उसकी पहचान स्थानीय गांव के रौशन कुमार के रूप में हुई है। वह पहले भी शराब तस्करी मामले में जेल जा चुका है। जबकि गिरफ्तार तस्करों में यूपी के जमानिया थाना क्षेत्र के देवढ़ी गांव के अशोक सिंह का पुत्र सूर्यप्रताप सिंह तथा बरोईन गांव के राजेन्द्र सिंह का पुत्र सत्यप्रकाश सिंह उर्फ सिंटू सिंह शामिल है। इनमें सत्यप्रकाश खुद को राष्ट्रीय न्यूज का पत्रकार बता रहा था। छापेमारी टीम का नेतृत्व थानाध्यक्ष राजेश मालाकार ने किया। इस टीम में अपर थाना अध्यक्ष संजय पासवान, पुलिस अवर निरीक्षक जय प्रसाद यादव, सिपाही राजकुमार पासवान, मुनेश पासवान, मोहम्मद सद्दाम के अलावा अन्य पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

## चौगाई अनुसूचित जाति बस्ती से 15 लीटर शराब बरामद, 250 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब विनष्ट

**चौगाई।** मुरार पुलिस ने गुप्त सूचना पर चौगाईं अनुसूचित जाति बस्ती में छापेमारी कर अवैध शराब निर्माण का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने मौके से 250 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब को जमीन पर गिरा विनष्ट किया तथा 15 लीटर निर्मित शराब बरामद किया है। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही शराब कारोबारी फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार अनुसूचित जाति बस्ती में सुबह में एक विवाद हुआ था। इस विवाद के बाद दूसरा पक्ष मुरार थाना पर पहुंच गया और बताया कि अनुसूचित जाति बस्ती में शराब अवैध तरीके से शराब निर्माण किया जा रहा है और विरोध करने पर कारोबारी उनसे विवाद कर रहे है। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस ने बिना देर किए छापेमारी अभियान चलाया। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि 250 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब को विनष्ट किया गया है जबकि 15 लीटर शराब बरामद हुआ है। उन्होंने कहा कि इस कारोबार में संलिप्त लोगों की शिनाख्त की जा रही है। जल्दी ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ज्ञात हो कि पुलिस शराब तस्करी रोकने की दिशा में लगातार अभियान चला रही है इसके बावजूद तस्कर अपनी करतूत से बाज नहीं आ रहे।

## जब्त शराब के मिसयूज मामले में ब्रह्मपुर पुलिस पर कार्रवाई के बाद उठने लगे सवाल

**ब्रह्मपुर।** सोमवार की रात एसपी मनीष कुमार व डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने संयुक्त रूप से ब्रह्मपुर थाने में छापेमारी किया। इस दौरान कंटेनर से जब्त शराब की दो पेटियां मालखाने के बाहर दूसरे कमरे में रखी पाई गई। इसके बाद एसपी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी समेत कुल छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था। एक दरोगा व एक प्रशिक्षु जवान गिरफ्तार किए गए थे। लेकिन अब इस कार्रवाई पर सवाल उठने लगे है। ब्रह्मपुर थाने के निलंबित थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी ने डुमरांव एसडीपीओ पर फंसाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि जिस वक्त यह कार्रवाई हुई वे उस समय बेतिया में गवाही करने गए थे। वे थाना में मौजूद ही नहीं थे तो उनपर कार्रवाई क्यों की गई। उन्होंने कहा कि कार्रवाई से पहले उनसे स्पष्टीकरण तक नहीं पूछा गया। वही उन्होंने कहा कि वे डुमरांव एसडीपीओ पिछले दो तीन महीने से उनके पीछे पड़े थे। वे मुझे अक्सर फंसाने की धमकी देते थे। निलंबित थानाध्यक्ष ने बताया है वे एसपी को स्वास्थ्य कारणों का हवाला दे उन्हें थानाध्यक्ष के पद से हटाने की गुहार लगा चुके है। लेकिन उनके आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। वही सूत्रों की मानें तो इस घटना के बाद पुलिस की भद्द पिट रही है। वही इस घटना के बाद कई सवाल खड़े हो रहे है। जब थानाध्यक्ष मौके पर मौजूद नहीं थे तो उनपर कार्रवाई क्यों की गई तथा एसपी को थाना के मालखाना के अतिरिक्त शराब रखने की सूचना किसने दी थी। यह लाख टके का सवाल बन गया है।

**जिसको मिला था प्रभार उस पर नहीं हुआ एफआईआर:** ताज्जुब की सोमवार को छुट्टी पर जाने के बाद ब्रह्मपुर थाने की कमान संभालने वाले पुलिस पदाधिकारी पर एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया है, सिर्फ उसे निलंबित किया गया है। जिससे यह साफ जाहिर होता है कि पूर्व थानाध्यक्ष को टारगेट किया गया था। वही जिस कंटेनर से बरामद शराब को मालखाने से बाहर निकालकर रखने पर यह विवाद खड़ा हुआ है उक्त शराब को खुद एसडीपीओ ने ही जब्त किया था। वे ही मीडियाकर्मियों को भी इसकी जानकारी दिए थे।

**अब तक तस्कर का पता नहीं लगा सकी पुलिस:** बता दें कि कुछ दिन पहले शराब से भरी एक कंटेनर को ब्रह्मपुर के पुरवा गांव के पास एसडीपीओ के नेतृत्व में पकड़ा गया था। पुलिस ने हरियाणा निवासी ट्रक चालक को भी गिरफ्तार किया था। लेकिन अबतक पुलिस इस जब्त शराब के तस्कर की पहचान नहीं कर सकी है। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा हो रहा है।

## एक नजर

### बक्सर के युवक की दिल्ली में चाकू गोदकर हत्या, शव के घर पहुंचते ही मचा कोहराम



**बक्सर।** बक्सर के युवक की दिल्ली में चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई है। घटना सोमवार शाम की है। गुरुवार को उसका शव गांव पहुंचा। गांव पहुंचते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अंतर्गत सिकरौल थाना क्षेत्र के दीवान के बड़का गांव निवासी जंग बहादुर चौधरी का 25 वर्षीय पुत्र भरत चौधरी दिल्ली में लगभग 15 वर्षो से कार्य करता था। वर्तमान में लगभग दो तीन साल पहले वो खुद की कंपनी आरंभ कर लिया था और अपने भाई और साथ में लगभग आधा दर्जन मजदूरों के साथ जूता सिलाई की फैक्ट्री चलाता था। सोमवार की शाम फैक्ट्री से अपने आवास लौट रहा था। तभी रास्ते में उसके साथ काम करने वाले बिहार के ही एक दूसरे युवक ने उसे बातों में उलझा घर के समीप ही चाकुओं से हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। जिसका सीसी टीवी फुटेज दिल्ली पुलिस के हाथ लग गया है और आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। घटना दिल्ली के नागलोई थाना अंतर्गत कौमुदी नगर में घटित हुई जिसके बाद स्थानीय थाना द्वारा शव को कब्जे में लेकर सूचना परिजनों को दिया गया। मंगलवार को परिजन दिल्ली के लिए रवाना हुए और गुरुवार की सुबह शव लेकर गांव पहुंचे। भरत चार भाईयो में तीसरे स्थान पर था और पिता एक साधारण किसान है। वही इसके दिल्ली में जाकर रोजगार करने के बाद घर की आर्थिक स्थिति में सुधार होने लगा था। उसकी मौत से परिवार के समक्ष दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है। यही कारण है कि उसकी मौत से पूरा परिवार बदहवास हो गया है।

### अतिक्रमण हटाने के दूसरे दिन ही फुटपाथ पर फिर काबिज हुए दुकानदार, नप प्रशासन मौन



**डुमरांव।** डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज के निर्देश पर नगर परिषद प्रशासन ने शहर में अभियान चला सड़को के किनारे से अतिक्रमण हटाया था। लेकिन इस अभियान के अगले दि नही फिर से विभिन्न सड़कों की फुटपाथ पर दुकानदार काबिज हो गए। जबकि नगर परिषद प्रशासन चुप्पी साधे रहा। बता दें कि अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत शहर के मॉडल थाना रोड, स्टेशन रोड, शीला सिनेमा रोड, गोला रोड, चूड़ी बाजार और चौक रोड तक अतिक्रमण किये दुकानदारों के अवैध निर्माण को तोड़ा गया था। पुनः अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी गयी थी। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों के जाते ही स्थायी दुकानदारों ने फिर से सड़क की पटरी पर अपनी दुकान सजा कर बिक्री शुरू कर दी। इस कारण जहां-जहां से अतिक्रमण हटाया गया था वहां फिर से पूर्व वाली स्थिति बन गयी। अतिक्रमण के कारण सड़कें संकीर्ण दिखीं और लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा और इस वजह से शहर के लिए नासूर बना जाम का निदान नहीं हो पाता है। वहीं इस मामले में नप के इओ अनिरूद्ध प्रसाद ने बताया कि अतिक्रमण हटवाने के बाद जो भी दुकानदार सड़क पर फिर से कब्जा कर लिए हैं, उनके विरुद्ध कानून सम्मत कार्रवाई करते हुए उनसे जुमार्ना वसूला जायेगा। किसी भी हाल में अतिक्रमण करने वालों को छोड़ा नहीं जायेगा।

### कम मजदूरी मिलने का आरोप लगा थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट के निर्माण मजदूरों ने किया हड़ताल

**चौसा।** चौसा के निमार्णाधीन 1320 मेगावाट थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य में लगे मजदूरों ने गुरूवार को हड़ताल कर दिया। मजदूरों द्वारा यह हड़ताल एजेंसी द्वारा कम मजदूरी दिये जाने के विरोध में किया गया था। मजदूरों के हड़ताल पर चले जाने से निर्माण कार्य बाधित हो गया। जिससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार थर्मल पावर प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य में लगे हजारों मजदूरों ने गुरूवार की सुबह अचानक हड़ताल कर दिया और काम छोड़ लेबर कॉलोनी में बैठ गए। जिसके बाद कंपनी के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस प्रशासन के अलावें कंपनी के अधिकारी मजदूरों के बीच पहुंच उन्हें समझा बुझाकर काम पर लौटने के लिए मनाते नजर आए लेकिन मजदूरों का साफ कहना था कि जब तक हमारी मांगो पर लिखित रूप से विचार नहीं किया जायेगा हमलोग काम पर नहीं लौटेंगे। चौसा अखौरीपुर लेबर कालोनी और सरेंजा गांव के पास स्थित लेबर कालोनी के करीब तीन हजार मजदूरों के एक साथ हड़ताल पर चले जाने से निर्माण कार्य बाधित हो गया। हड़ताल पर डटे मजदूरों ने बताया कि हम लोग एल एंड टी के अंदर पॉवर मैक कंपनी में काम करते है। हमारी मांग समय से पेमेंट हो, बोर्ड रेट के अनुसार ही मजदूरी मिले, आने जाने का साधन पर्याप्त हो। मजदूरों ने बताया कि एक हजार वर्करों में मात्र दो बस है। काम पर जाते समय बस के इंतजार में डेढ़ से दो घंटे लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। आते समय भी यही हाल है। तय बोर्ड रेट से हमें समय पर मजदूरी भी नहीं मिल पा रहा है।

## पंजाब मेल, विभूति, कुंभ व उपासना एक्सप्रेस 15 तक नहीं आएंगी बक्सर

- वाराणसी में चल रहा नॉन इंटरलाकिंग का काम
- वाराणसी होकर गुजरनेवाली आधा दर्जन ट्रेनों के रूट बदले

**केटी न्यूज/बक्सर**

वाराणसी रेलवे स्टेशन पर चल रहे नान इंटरलाकिंग कार्य को लेकर रेलवे द्वारा वाराणसी से होकर गुजरनेवाली आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों के रूट में 15 अक्तूबर तक बदलाव कर दिया है। जिसमे पंजाब मेल, विभूति, हावड़ा हरिद्वार, उपासना बक्सर के बदले बलिया से होकर गुजरेगी इसके अलावा सिकंदराबाद, फरक्का, कोटा एक्सप्रेस कानपुर, प्रयागराज होकर बक्सर से गुजरेगी। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बनारस में नॉन इंटरलॉकिंग के कार्य के चलते इन गाड़ियों का परिचालन डीडीयू-पटना-किऊल रूट पर 20 सितंबर से ही प्रभावित है जो 15 अक्टूबर तक बंद होगा। नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते मुख्यतः चार जोड़ी ट्रेने विभूति, पंजाब मेल, कुंभ और उपासना बक्सर के बजाय बलिया, छपरा, हाजीपुर होते हुए कियूल रूट से गुजरेंगी। वही बक्सर से बनारस की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए श्रमजीवी एक्सप्रेस और काशी पटना एक्सप्रेस वाराणसी स्टेशन जाएंगी।

## जलपुत्र अजय राय को राष्ट्रीय प्रतिष्ठा व यूथ आइकॉन पुरस्कार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय नगर के युवा सामाजिक कार्यकर्ता और जल पुत्र के नाम से चर्चित अजय राय ने जल संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर कार्य के बदौलत राष्ट्रीय प्रतिष्ठा सम्मान- 2023 प्राप्त कर डुमरांव के नाम को गौरवान्वित किया है। यह पुरस्कार वर्दी वेलनेस फाउंडेशन लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान प्राप्त हुआ। जबकि युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा यूथ आईकॉन अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। इसके पहले युवा अजय को बक्सर डीएम सहित कई अधिकारियों के द्वारा जल संरक्षण जैसे बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया जा चुका है। इसको लेकर अजय के साथ कार्य करने वाले अन्य युवाओं का हौसला अफजाई हुआ है।



जिला प्रशासन के द्वारा जल जीवन हरियाली कार्यक्रम के अंतर्गत जल संरक्षण के अनूठी पहल की सराहना की गई है। सनद रहे कि युवा अजय राय विगत पांच-छह वर्षों से जल संरक्षण अभियान चलाते आ रहे हैं। वे शहर के किसी भी कोने में पेयजल की बबार्दी की जानकारी मिलते ही उसे बचाने के लिए निकल पड़ते हैं। वे अब तक हजारों की संख्या में नलके में टोटी लगा चुके हैं। उनके इस अभियान के प्रति आत्म समर्पण को देखते शहरवासी उन्हें जलपुत्र के नाम से संबोधित करते हैं। अजय जल की बबार्दी न हो इसको लेकर काफी गम्भीर रहते हैं। कभी-कभार वाहन के अभाव मे लंबी दूरी तय कर पैदल ही नलके में टोटी लगाने के लिए चल पड़ते हैं। यही नहीं जल संरक्षण के लिहाज से स्थानीय नगर के साथ-साथ आस-पास के गांवों में संदेशात्मक नारों के माध्यम से लोगों को जल बबार्दी न करने के लिए प्रेरित करने के साथ ही शपथ भी दिलाते हैं। विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों के छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करने पहुंच जाते हैं। विशेष रूप से डुमरांव शहर में इनके द्वारा चलाएं जा रहे इस अभियान का सकारात्मक परिणाम भी सामने आया और वरीय अधिकारियों के निर्देश पर स्थानीय नगर के चौक रोड में संगमरमर के शिलापट्ट पर जल पुत्र अजय जैसे शब्द लिखकर सम्मान दिया गया। इन्होंने इसे अपनी बेहतर उपलब्धि मानते हुए भविष्य में जल संरक्षण के प्रति लोगों को संवेदित करने का संकल्प दोहराया।

## इटाढ़ी के बाल विकास परियोजना कार्यालय में आयोजित हुआ पोषण मेला

# पोषण मेला में गर्भवती व बच्चों को पोषण के बारे में दी गई जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**



गुरूवार को इटाढ़ी में राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत प्रखंड स्तरीय पोषण मेला का आयोजन किया गया। यह आयोजन इटाढ़ी बाल विकास परियोजना कार्यालय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रंजना कुमारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस पोषण मेला में आयोजकों द्वारा अलग-अलग थीम पर प्रदर्शनी आयोजित कर गर्भवती महिलाओं को समुचित पोषण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

आईसीडीएस डीपीओ रंजना कुमारी ने अपने संबोधन में गर्भवती महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों के कुपोषण दूर करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संतुलित आहार, फल, दूध, हरी सब्जी, अंडा आदि को अपने भोजन में शामिल कर गर्भवती महिलाएं अपना तथा अपने बच्चें को स्वस्थ्य रख सकती है। जबकि कुपोषित बच्चें भी पौष्टिक आहार, फल, दूध आदि का नियमित सेवन करें तो उनका कुपोषण दूर हो सकता है। उन्होंने खासकर गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ्य रहने के लिए कई आवश्यक जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर कुपोषित बच्चें के खानपान में पौष्टिक आहार वाले फल सब्जी तथा दूध आदि को शामिल करना चाहिए। उन्होंने इसकी विशेषता बताते हुए गर्भवती महिलाओं को अन्य कई जानकारियां भी दी।

### गर्भवती महिलाओं ने पूछे कई तरह के सवाल

पोषण मेला के दौरान उपस्थित गर्भवती महिलाओं ने भी कई तरह के सवाल पूछे, जिसका जबाव अधिकारियों द्वारा दिया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं में उत्साह देखा गया। महिलाएं बड़े ही उत्साह के साथ इस पोषण मेला में शामिल होने आई थी। पोषण मेला के आयोजन से बाल विकास परियोजना कार्यालय में उत्सवी माहौल बना हुआ था। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना व संबंधित कर्मियों के साथ ही बड़ी संख्या में गर्भवती महिला उपस्थित थी। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, इटाढ़ी मीना कुमारी, पंचायती राज पदाधिकारी, सांख्यकी पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, कार्यलय कर्मी एवं परियोजना की समस्त आंगनबाड़ी सेविकाएं बढ़ चढ़ की भाग ली और कार्यक्रम को सफल बनाई।



# डिवाइडर से ट्रैक्टर के टकराने से गिरे यूपी निवासी ईंट-भट्ठा मजदूर की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के पास आरा-मोहनियां हाईवे पर बुधवार की शाम सड़क हादसे में 48 वर्षीय यूपी निवासी एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के दौरान सदर अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। मृतक यूपी के रायबरैली जिले के रायबरैली थाने के बसंतपुर गांव निवासी सूरत बली के पुत्र रज्जन लाल थे। वह ईंट भट्ठा पर पथेर का काम करते थे।

उनके बेटे रोहित कुमार ने बताया कि वह कई वर्षों से इसाढी गांव स्थित चिमनी भट्ठा में मिस्त्री का काम करते थे। चार दिन पूर्व ही अपने गांव बसंतपुर से इसाढ़ी गए थे। बुधवार की शाम वह इसाढ़ी गांव से टैक्टर पर बैठकर जगदीशपुर जा रहे थे। आरा-मोहनियां हाईवे पर नारायणपुर दुलौर गांव के समीप ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुल के डिवाइडर से टकरा गया। उससे वह ट्रैक्टर से सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद उनके साथियों की ओर से उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल आया गया। वहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि उनके परिवार में पत्नी शिवदुलारो देवी, पुत्री विमला और पुत्र मोहित कुमार है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मचा है।



❒ जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के समीप हुई सड़क दुर्घटना

## करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत

**आरा।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार गांव के गौरक्षनी मैदान के समीप शहर से सटे बधार में बुधवार की शाम करंट लगने से 15 वर्षीय मैट्रिक के एक छात्र की मौत हो गई। मवेशी को चराने गया छात्र खेत के चारों ओर लगाये गये करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। उससे मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृत छात्र धमार गांव निवासी शिवजी यादव उर्फ जुलुम यादव का बेटा लव कुमार था।

उसके चाचा ज्वाला यादव ने बताया कि वह बुधवार की शाम गौरक्षनी मैदान के समीप भैंस चराने के लिए गया था। वहां गांव के एक व्यक्ति द्वारा मवेशी से बचाव के लिए मकई के खेत के चारों ओर करंट प्रवाहित तार लगाया था। मवेशी चराने के दौरान वह उसी तार की चपेट में आ गया। उससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

## एक नजर

### भोजपुर में बढ़ा डेंगू का प्रकोप, चार मरीज भर्ती



**आरा।** जिले में डेंगू से पीड़ित मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। जिले से जुड़े 26 लोगों को अब तक डेंगू हो चुका है। इसमें 15 ग्रामीण इलाके के आठ शहरी व तीन यात्रा करने वाले लोग शामिल हैं। 26 लोगों में से 11 का इलाज सदर अस्पताल में 12 का एम्स पटना, दो का आईजीआईएमएस और एक अन्य का इलाज पटना के अस्पताल में किया गया है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से एसीएमओ को उपलब्ध कराये गये रिपोर्ट के अनुसार 21 मरीज है। इसमें से सदर अस्पताल में 11 मरीजों को डेंगू वार्ड में भर्ती किया गया है। इसमें से चार नये मरीज भी शामिल है। इसके पूर्व 10 का इलाज के बाद डिस्चार्ज किया जा चुका है। इसके अलावा निजी क्लीनिक में पिछले 10 दिनों में छह मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। बताया जाता है कि सदर अस्पताल में डेंगू के मरीजों के लिए अलग वार्ड बनाया गया है। एसीएमओ व अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस बारे में अलग-अलग संख्या बतायी जा रही है। एसीएमओ के मुताबिक, सदर अस्पताल में 10 बेड वाला डेंगू वार्ड बनाया गया है। वहीं अस्पताल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि दो वार्ड में 16 बेड लगाया गया है। भर्ती मरीजों की संख्या के बारे में भी विरोधाभास है। सही तरीके से प्रबंधन और मॉनिटरिंग नहीं होने से अस्पताल व मलेरिया विभाग के प्रबंधन पर सवाल उठाये जा रहे हैं। अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों के मुताबिक डेंगू वार्ड के लिए अलग से डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति नहीं की गयी है। मेडिकल वार्ड में राउंड लगाने वाले डॉक्टर ही सुबह-शाम देखने आते हैं। पूरी दिन और रात मरीजों को डॉक्टरों के लिए इंतजार करना पड़ता है। गंभीर स्थिति होने पर इमरजेंसी वार्ड में दौड़ लगाना पड़ता है।

## गैस सिलेंडर फटने से खाना बना रही बुजुर्ग महिला की मौत

**आरा।** जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के दिलमनपुर गांव स्थित ठाकुरबाड़ी में बुधवार की रात गैस सिलेंडर फट जाने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृत पुजारन दिलमनपुर गांव निवासी ललन पांडेय की 60 वर्षीया पत्नी धर्मशीला देवी थी। जो पुजारन का भी काम करती थी। बताया जाता है कि दोनों दंपति करीब 42 वर्षों से गांव के ठाकुरबारी स्थित शिवाला में रहकर पूजा-पाठ कराते थे।

मृतका के पति ललन पांडेय ने बताया कि उनकी तबीयत खराब थी। उसको लेकर वह शाहपुर उनका दवा लाने गया थे। दवा लेकर बुधवार की रात घर वापस लौटे, तो वह शिवाला स्थित कमरे में गैस चूल्हा पर खाना बना रही थी। उसी दौरान अचानक गैस सिलेंडर फट गया और वह बुरी तरह झुलस गई। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराया। बताया जाता है कि पुजारन को शादी के बाद भी कोई संतान नहीं था।

### डीएम ने राजस्व कार्यों की समीक्षा में जताया असंतोष, बोले...

# भू-लगान नहीं देने वालों पर बरतें सख्ती, दायर करें निलाम वाद

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों, राजस्व पदाधिकारियों, राजस्व व हल्का कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में ऑनलाईन मुटेशन, लगान वसूली, परिमार्जन, सीडब्लूजेसी, अभियान बसेरा, दखल-देहानी, अतिक्रमण, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण कार्यालय से प्राप्त अंचलवार अतिक्रमण की सूची, अधिकार अभिलेख, भू-अर्जन, संस्थान निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता, आरटीपीएस, सम्परिवर्तन, जिला जनता दरबार से संबंधित प्रतिवेदन पर विस्तार से समीक्षा किया गया।

डीएम ने भू-लगान वसूली पर असंतोष व्यक्त करते हुए इस कार्य को प्राथमिकता पर रखते हुए प्रगति लाने के लिए सघन अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही भू लगान नहीं देने वालों पर नियमानुसार नीलाम वाद दायर कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया। इस क्रम में लोक शिकायत निवारण कार्यालय में दायर अतिक्रमण वादों को प्राथमिकता पर रखते हुए अतिक्रमण हटाने संबंधित टाइमलाइन के अनुसार अतिक्रमण हटाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने एवं अतिक्रमण मुक्त कराने के पश्चात यथासमय अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में सभी अंचलधिकारियों को निर्देश दिया कि लोक भूमि अतिक्रमण के मामलों विशेष कर मुख्यमंत्री जनता दरबार, जिला जनता दरबार एवं लोक शिकायत निवारण में आने वाले परिवादों को प्राथमिकता पर रखें।





■ लंबित अतिक्रमण के मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण का दिया आदेश

**म्यूटेशन के मामलों को बैकलॉग में न रखें :** टाइटल सूट के मामलों का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने मुख्यमंत्री जनता दरबार में प्राप्त परिवादों का अनुपालन प्रतिवेदन यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सभी अंचल अधिकारियों को सीडब्ल्यूजेसी एवं एमजेसी के मामलों की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करने तथा ससमय प्रतिशपथ दायर करने का निर्देश दिया गया। राजस्व पदाधिकारियों को निदेश दिया कि 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग वाले निवासियों का नए आधार सृजन से पूर्व दस्तावेजों का सत्यापन यूआईडीएआई भारत सरकार के द्वारा निर्मित स्टेट गवर्नमेंट पोर्टल के माध्यम से किया जाना है, जिसके लिए आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। सभी सीओ को निदेश दिया गया कि म्यूटेशन के मामलों को बैकलॉग में नहीं रखेंगे और म्यूटेशन में जितने भी लंबित मामलें हैं, उसका निष्पादन निर्धारित समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें।

## राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने डॉ. अजय

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के निर्देश पर बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने राजद के वरिष्ठ नेता सह नौरू कोठिया गांव निवासी डॉ अजय कुमार यादव को राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोनित किया है। इनके मनोनयन से जिला राजद के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता को बधाई दी है। बधाई देते हुए नेताओं ने कहा कि इनके मनोनयन से पार्टी मजबूत होगी। पीएचडी डॉ अजय कुमार यादव की बुद्धिजीवी लोगों में एक अलग पहचान है, जिसके कारण राजद को इनके अनुभव का लाभ मिलेगा। वहीं जिलाध्यक्ष बनने के बाद डॉ अजय ने जिला स्तर पर संगठन विस्तार करने और पार्टी के विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। बधाई देने वालों में स्थानीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव, मखदुमपुर विधायक सतीश दास, पूर्व विधायक डॉ मुनीलाल यादव, डॉ सच्चितानंद यादव, सूबेदार दास, जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर प्रधान महासचिव परमहंस राय, प्रवक्ता डॉ शशिरंजन, पप्पु मल्लिक, पैक्स अध्यक्ष सुरेश यादव व अन्य लोग मौजूद थे।

## मांस-मच्छी की दुकानों के अनुपयोगी सामग्री का हो सही से निष्पादन: डीएम



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में पशु क्रुरता निवारण सोसाईटी आम सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित गैर सरकारी सदस्यों द्वारा बताया गया कि पशु परिवहन के क्रम में प्रायः वाहन के आकार की तुलना में अधिक संख्या में पशुओं को रखा जाता है। जिसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पशु परिवहन हेतु उपयोग में लाए रहे वाहनों की मॉनिटरिंग कराने तथा एनिमल ट्रांस्पोर्ट रूल्स का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद क्षेत्र को मांस एवं मछली बूचरखानों को रेगुलेट करने हेतु सर्वेक्षण कराकर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने एवं मांस एवं मछली के अनुपयोगी सामग्री का सही रूप से निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला पशुपालन पदाधिकारी को पशुपालन कार्यालय के चार दीवारी निर्माण हेतु विभाग को प्रस्ताव प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने ऑक्सीटॉसिन इंजेक्शन के अवैध उपयोग एवं बिक्री संबंधित सूचना औषधी निरीक्षक को देने का निर्देश दिया गया एवं औषधी निरीक्षक को ऑक्सीटोसीन इंजेक्शन के अवैध बिक्री पर रोक लगाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पशु क्रुरता सोसाईटी नियमावली के अनुसार सदस्यों के वार्षिक शुल्क एवं राशि संधारण पर परिचर्चा किया गया।

## जिप सदस्य को दी धमकी, मांगी रंगदारी

**सासाराम।** पूर्वी करगहर क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य महावीर शाह को जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी के बाद जिला परिषद सदस्य ने गुरुवार को बड़हरी थाने में आवेदन दिया है। बताते हैं कि पुलिया बनाने को लेकर जिला परिषद सदस्य को धमकी दी गई है। जिला परिषद सदस्य ने बताया कि उनके द्वारा बड़हरी में पुलिया निर्माण की योजना दी गई थी। जब वे उसका बोर्ड लगाने पहुंचे तो देखा कि वहां पहले से ही पुलिया बनी हुई है। इसलिए उन्होंने योजना को वापस ले लिया। अब योजना को वापस लेने पर उन्हें जान से माने की धमकी दी जा रही है। इस संबंध में उन्होंने बड़हरी थाने में लिखित आवेदन दिया है।

जिला परिषद सदस्य ने बताया कि पुलिया निर्माण की योजना वापस लेने के बाद टुनटुन चौधरी के द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है। पहले मौखिक रूप से तीन लाख रुपए रंगदारी की मांग की गई थी। फिर मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी जा रह है। जबकि बड़हरी के ही टप्पू चौधरी उर्फ विनोद चौधरी ने मोबाइल पर पुलिया निर्माण की योजना नहीं देने पर फोन पर एक लाख रुपए रंगदारी की मांग की जा रही है। जिसका सबूत भी मेरे पास है।

## पार्टी के द्वारा हर बूथ पर 10 यूथ का लक्ष्य करना है प्राप्त: जिलाध्यक्ष



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले के हुलासगंज प्रखंड के एक निजी मैरेज हॉल लोजपा रामविलास पार्टी की बैठक हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष हेमन्त शरण उर्फ कुंदन शर्मा ने पार्टी हरेक पंचायत अध्यक्ष से एक एक पंचायत अध्यक्ष से संगठन के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। इस बैठक की अध्यक्षता हुलासगंज के प्रखंड अध्यक्ष गोलु कुमार ने किया एवं मंच संचालन सुरुजपुर पंचायत के अध्यक्ष राहुल कुमार ने किया।

मौके पर जिलाध्यक्ष हेमन्त शरण उर्फ कुंदन ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक लेकर जाना है। जबतक जिले के हरेक बूथ पर 10 यूथ तैयार नहीं होगा तब तक हम हरेक प्रखंड में भ्रमण करते रहेंगे। जब हम हरेक बूथ पर 10 यूथ के मुहिम में सफल हो जाएगें उस दिन चिराग पासवान को बिहार गद्दी पर बैठा देगें, तब जाकर विहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन डॉक्यूमेंट एवं हमलोग के नेता स्व. रामविलास पासवान जी का सपना साकार होगा। इसलिए आप सभी पदाधिकारी से अनुरोध है कि संगठन को बूथ स्तर तक ले जाएं। हमलोग के नेता को छोड़कर किसी के पास बिहार के विजन डॉक्यूमेंट नहीं है, लेकिन हमारे नेता चिराग पासवान पास बिहार फर्स्ट विहारी को फर्स्ट बनाने के लिए एक विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया गया है। जिसमें यूवाओं को शिक्षा से लेकर रोजगार तक महिलाओं के बारे बुजुर्गों के बारे स्वास्थ्य संबंधित सहित सभी को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### द चैलेंज इंनीशिएटिव से माता व शिशु मृत्यु दर को शून्य स्तर पर ले जाने मिलेगी मदद

# गर्भधारण में दो वर्ष का अन्तराल सुनिश्चित करवाना जरूरी

**केटी न्यूज/गया**

जिला में प्रसव तथा गर्भपात के बाद परिवार नियोजन सेवाओं के प्रति चिकित्सकों की मदद से आमजन में जागरूकता लाने का काम किया जा रहा है। इसके लिए गुरुवार को प्रभावती अस्पताल में परिवार नियोजन सेवाओं पर चिकित्सकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता अस्पताल अधीक्षक डॉ सत्येंद्र चौधरी ने किया। इस दौरान अस्पताल के सभी नर्सिंग और पारामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे। द चैलेंज इंनीशिएटिव कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्था पीएसआई द्वारा किया गया।





मौके पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. सत्येन्द्र चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों को प्रसव पश्चात परिवार नियोजन के महत्व के प्रति जागरूक कर सभी प्रसुताओं को परिवार नियोजन के उपयुक्त साधन अपनाने के लिये सही और सम्पूर्ण जानकारी के साथ परामर्श प्रदान करना है। इससे अगले गर्भ धारण में कम से कम 2 वर्ष का अन्तराल सुनिश्चित करने में काफी मदद मिलेगी। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ सुषमा वर्मा ने स्वास्थ्यकर्मियों को बताया कि साधारणत प्रसव के बाद महिला एक माह तक ही प्राकृतिक रूप से गर्भ-धारण से सुरक्षित रहती है और इसके बाद वह मासिक धर्म प्रारंभ हुए बिना भी गर्भधारण कर सकती है जो कि माँ और शिशु दोनों के स्वस्थ्य जीवन के लिये जोखिम भरा होता है। ऐसी स्थिति से बचने के लिये गर्भ निरोधक साधन का समुचित प्रयोग प्रसूता के लिये आवश्यक है।

**गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवा प्रसूता का अधिकारः** कार्यशाला को संबोधित करते हुये पीएसआई इंडिया के कार्यक्रम प्रबन्धक अजय कुमार ने मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों को बताया कि गुणवत्ता पूर्ण परिवार नियोजन सेवा प्रत्येक प्रसूता महिला का अधिकार होता है जिसे प्रदान करने के लिये स्वास्थ्य विभाग हर स्तर पर अपनी कोशिश कर रहा है। इस क्रम में स्वास्थ्य संस्थानों पर संक्रमण की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य कर्मियों के लिए तकनीकी कौशल, संक्रमण के प्रति जागरूकता एवं उपलब्ध दिशा निर्देशों के अनुकूल व्यव्हार अपनाना काफी महत्वपूर्ण होता है। द चैलेंज इंनीशीएटिव के तहत स्वास्थ्यकर्मियों की क्षमता वृद्धि के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य माता तथा शिशु के मृत्यु दर को शून्य स्तर पर ले जाना है।











# सरकारी डॉक्टर ने मांगा घुस, कहा- 32 हजार दे दो, ऑपरेशन हो जाएगा...

**तिलक कुमार/बलिया**

एक तरफ डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक उत्तम स्वास्थ्य व्यवस्था का दंभ भर रहे है। दूसरी तरफ जिला अस्पताल के चिकित्सक द्वारा मरीज के तीमरदार से आपरेशन के एवज में खुलेआम 32 हजार रूपए मांगने का मामला प्रकाश में आया है। मामले की शिकायत तीमारदार द्वारा सीएमएस से की गई है। लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई, उपर से सीएमएस मामले में अनभिज्ञता भी जाहिर कर रहे हैं। मामले को लेकर जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सकों की कार्यशैली पर सवाल खड़ा हो रहा है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के निर्देश की भी जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सकों द्वारा धज्जियां उड़ाई जा रही है।





❑ योगी राज में जिला अस्पताल में खुलेआम हो रही सौदेबाजी

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पतीसा गांव निवासी सुख सागर पांडेय अपने भाई के दाहिने पैर का आपरेशन करोन के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था।

आरोप है कि चिकित्सक व हड्डी रोग विशेषज्ञ गौरव राय द्वारा आपरेशन के एवज में 32 हजार रूपए मांगा गया था। सुख सागर 15 हजार रूपए दे भी दिया था और एक बार आपरेशन भी हो चुका था। दूसरी बार फाइनल आपरेशन के लिए बाकी पैसों की मांग की। लेकिन सुख सागर पांडेय चूंकि देने में अक्षम था, लिहाजा उसके भाई का आपरेशन नहीं किया गया। निराश सुख सागर पांडेय मामले से सीएमएस को जब अवगत कराया तो सीएमएस ने मामले पीड़ित को लिखित आश्वासन दिया कि आपरेशन निःशुल्क हो जाएगा। आप चिंता ना करें, आपको एक भी पैसा नहीं देना पड़ेगा और पहले जो दिए है वह भी वापस मिल जाएगा। चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, लेकिन अफसोस अभी तक ना तो आपरेशन ही हुआ और ना ही चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई हुई।

**लीपापोती के लिए सीएमएस ने लिया यू टर्न :** जिला अस्पताल के सीएमएस एसके यादव एक तरफ मरीज को आश्वासन दिया कि आपके साथ इंसाफ होगा, चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई होगी। दूसरी तरफ जब पत्रकार सीएमएस को घटना के बारे में अवगत कराया तो उन्होंने यू टर्न लेते हुए बताया कि मुझे घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है। जानकारी मिलते ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पैसा मांगने का वीडियो भी वायरल हुआ है। लेकिन अभी तो ना तो सीएमएस ही इसको संज्ञान में लेना मुनासिब समझे और ना ही जिलाधिकारी रविंद्र कुमार।

## 22 को सीएम माटी कला रोजगार योजना हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन

**मऊ।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जनपद में एक दिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें विभाग द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जायेगी।

जनपद के समस्त तहसीलों एवं विकास खंडों में अपना उद्योग स्थापित करने हेतु ऐसे बेरोजगार नवयुवक एवं नवयुतियां उद्यम स्थापना में रुचि रखने वाले व्यक्ति एवं आईटीआई पॉलिटेक्निक उतीर्ण अभ्यर्थी अपना नाम एवं पता आधार नंबर, मोबाइल नंबर शैक्षिक योग्यता ईमेल से सम्बन्धित दस्तावेज लेकर वि०खण्ड परदहा के बगल में आर सेट्टी के कैम्पस में दिनांक 22 सितम्बर को समय 2:00 बजे से होना है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर योजना का लाभ उठायें। अधिक जानकारी के लिये जिला ग्रामोद्योग कार्यालय अन्धा मोड भीटी मऊ तथा दुरभाष संख्या 7408410764, 9450510803 पर सम्पर्क कर सकते है।

## खबरें फटाफट

### दहेज हत्या में सास, सुसर व पति धराया

**बलिया।** खेजुरी थाना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में सास, ससुर व पति को बहेरी बाजार से गुरुवार की दोपहर एक बजे गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को न्यायालय चालान कर दिया गया है। पति का नाम कुमार गौतम पुत्र कन्हैयालाल राम, ससुर कन्हैयालाल राम व सास शीला देवी पत्नी कन्हैयालाल राम समस्त निवासीगण ग्राम मासुमपुर है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर बहेरी बाजार से गिरफ्तार किया है। इसके बाद तीनों आरोपियों को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया गया है। बताया जाता है कि मासुमपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हुई थी।

### बलात्कार के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**बलिया।** अपहरण व बलात्कार के मामले में मनियर थाना पुलिस ने गुरुवार की दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे आरोपी को मनियर बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी राकेश पटेल पुत्र मनोज पटेल निवासी हरसेनी थाना इस्लामपुर जनपद नालन्दा बिहार का रहने वाला है। आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था, गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी मनियर बस स्टैंड के पास खड़ा है, तभी पुलिस मौके पर जाकर आरोपी राकेश पटेल को गिरफ्तार कर लिया।

### रेलवे ट्रैक पर मिला वृद्ध महिला का शव

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के नसीराबाद गांव के पास गुरुवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात वृद्ध महिला का शव मिला। सूचना पर पहुंची फेफना थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। वृद्ध महिला की उम्र लगभग 90 बताई जा रही है। फेफना थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया गया है। शव की शिनाख्त करने का प्रयास हम लोग कर रहे हैं।

### ट्रैक्टर के धक्के से वृद्ध की मौत

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के कनैला गांव में गुरुवार की दोपहर एक बजे ट्रैक्टर के धक्के से साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। कनैला गांव निवासी जवाहर लाल वर्मा उम्र 60 अपने घर से गुरुवार को साइकिल से बलेजी चट्टी पर किसी कार्य के लिए जा रहे थे। घर से कुछ दूर ही गए थे कि विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने चली गई है। घटना के बाद परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

### बलिया के नगरा मोड़ के समीप हादसे में एक छात्रा की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

# बालिका महाविद्यालय की बस व ट्रक के बीच टक्कर, सात छात्राएं घायल

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित नगरा मोड़ के समीप गुरुवार को बालिका महाविद्यालय की बस व ट्रक की आमने-सामने टक्कर में स्कूल बस के ड्राइवर सहित सात छात्राएं घायल हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने ड्राइवर व एक छात्रा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं शेष छात्राओं का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर में चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नवानगर स्थित मां कस्तूरी देवी महाविद्यालय की बस स्कूली छात्राओं को लेकर छोड़ने के लिए घर आ रहा था। अभी वह जैसे ही कस्बा के नगरा मोड़ के समीप पहुंचकर कुछ छात्राओं को उतार रहा था। इसी दौरान बलिया की तरफ से बेल्थरारोड की ओर जा रही तेज रफ्तार ट्रक ने बस में सामने से जोरदार टक्कर मार दिया।



बस गड्ढे में जाकर रुक गई, बस में मौजूद निक्की राय उम्र 22 वर्ष पुत्री कामेश्वर राय निवासी जेठवार थाना पकड़ी, रंजना उम्र 20 वर्ष पुत्री हरेराम निवासी काजीपुर थाना सिकंदरपुर, रेशमा उम्र 18 वर्ष पुत्री शमशाद निवासी बढ़ढा थाना सिकंदरपुर, सरिखा उम्र 55 वर्ष ड्राइवर निवासी मलेजी थाना सिकंदरपुर, खुशबू कनौजिया उम्र 18 पुत्री मुन्ना कनौजिया निवासी सिसोटार थाना सिकंदरपुर नेहा वर्मा उम्र 17 वर्ष पुत्री तारकेश्वर वर्मा निवासी गोसाईपुर थाना सिकंदरपुर, सिया वर्मा पुत्री हरिंदर वर्मा निवासी बसारिखपुर थाना सिकंदरपुर, सरिता यादव पुत्री हरीलाल यादव निवासी सिसोटार थाना सिकंदरपुर घायल हो गई। छात्राओं की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने घायल छात्राओं को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया। जैसे ही घटना की सूचना पुलिस को लगी चौकी प्रभारी रवींद्र पटेल अस्पताल पहुंचे गए और चिकित्सकों ने सभी लड़कियों का एक साथ इलाज शुरू कर दिया घटना की सूचना जैसे ही लोगों को मिली घटनास्थल व अस्पताल परिसर में भारी भीड़ जुट गई। पुलिस को भी हटाने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ा इस। दौरान प्राथमिक उपचार के बाद निक्की राय वह ड्राइवर सारिखा की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल भेज दिया।

**परिजनों में मचा हड़कंप :** गुरुवार को विद्यालय बस की दुर्घटना होने की जानकारी जैसे ही स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के परिजनों को लगी परिजन परेशान हो गए घटनास्थल से लेकर अस्पताल तक परिजनों की चहल कदमी देखी गई। कुछ परिजन जब अपने बच्चों को इस बस में नहीं होने की जानकारी मिली तो उनके चेहरे पर खुशी देखी गई। लेकिन घटना में घायल छात्राओं के परिजन अस्पताल जब पहुंचे तो उनके चेहरे पर उदासी छाई हुई थी, लड़कियों को रोता देख लोगों की आंखें नम हो जा रही थी।

**शराब के नशे में था ट्रक ड्राइवर :** स्थानीय लोगों की माने तो ट्रक ड्राइवर शराब के नशे में था। वह ट्रक को ओवर स्पीड में सड़क पर लहराते हुए चला रहा था। अपने साइड में खड़ी बस से स्कूली छात्राएं उतर रही थी। ट्रक ड्राइवर ने विपरीत दिशा में जाकर सामने से बस में टक्कर मार दिया। जिससे बस में बैठी छात्राओं में चीख पुकार मच गई। इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर ट्रक ड्राइवर ट्रक लेकर भाग गया।

## ट्रक की चपेट में आने से छात्रा की मौत, हंगामा

**केटी न्यूज/बलिया**

नगरा थाना अंतर्गत नगरा गड़वार मोड़ पर शहीद गेट के पास गुरुवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से एक छात्रा की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित भीड़ ने हंगामा शुरू कर दिया। वहीं, दुर्घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

नगरा थाना क्षेत्र के रेकुंवा गांव निवासी परमानन्द यादव की दो बेटियां शिल्पी और पिंकी गुरुवार की सुबह नगरा कोचिंग में पढ़ने आई थीं। कोचिंग से दोनों बहनें एक ही साइकिल से घर जा रही थीं। साइकिल पिंकी (16) चला रही थी, जबकि शिल्पी पीछे बैठी थी। गड़वार मोड़ स्थित शहीद गेट के पास सामने से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से पिंकी की मौत हो गयी, जबकि शिल्पी शिल्पी बाल बाल बच गयी। हादसे की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस और छात्रा के परिजनों को दी। परिजनों के पहुंचने से पहले पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसको लेकर परिजनों की पुलिस से नोंकझोंक शुरू हो गई। परिजन पुलिस पर आरोप लगा रहे थे कि पुलिस जानबूझकर छात्रा के शव को देखने नहीं दी।



◆ आक्रोशितों व परिजनों ने पुलिस से की नोंकझोंक, लगाया आरोप

वहीं, घटना के बाद आक्रोशित भीड़ चालक को पकड़ने और शव को तत्काल घटनास्थल पर लाने को लेकर हंगामा करने लगे। हालांकि तत्पर पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया।




### ई-पॉस मशीन पर बायोमेट्रिक से ही मिलेगा राशन

मऊ। जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम ने बताया कि अपर आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग उप्र जवाहर भवन लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में कतिपय विक्रेताओं द्वारा खाद्यान्न वितरण अवधि में ई-पॉस मशीन से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराते हुए तत्समय लाभार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जो कि नियमानुसार उचित नहीं है। इस सम्बन्ध में उचित दर विक्रेताओं द्वारा राशनकार्ड धारक, लाभार्थी का ई-पॉस मशीन पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराते हुए तत्समय ही खाद्यान्न का वितरण किया जाए। यदि बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, अंगूठा लगवाने के पश्चात तुरंत खाद्यान्न वितरित नहीं किया जाता है, तो उन उचित दर विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उपर्युक्त निदेशों का आम जनमानस तथा राशन कार्डधारकों के मध्य एवं उचित दर दुकानों पर भी निदेशों को चस्पा किया जाए।

## मऊ में मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश कार्यक्रम का हुआ आगाज



**केटी न्यूज/मऊ**

प्रधानमंत्री के महत्वकांक्षी कार्यक्रम के तहत जनपद में मेरा माटी मेरा देश के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा दिनांक 14 सितंबर 2023 से प्रारंभ किया जा चुका है।

बताया जाता है कि यह कार्यक्रम विकासखंड परदहां, कोपागंज, मोहम्मदाबाद गोहना एवं रतनपुरा में युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल तथा स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं अन्य समाजसेवी तथा विकासखंड में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अमृत कलश में ग्राम पंचायत के घर-घर जाकर मुट्ठी भर मिट्टी एवं चुटकी भर अक्षत एकत्रित कर अमृत कलश को ग्राम पंचायत के पंचायत भवन एवं प्राइमरी विद्यालय में एकत्रित किया गया है। इसी क्रम में नगर पालिका एवं नगर पंचायत में भी घर-घर जाकर एनएसएस एवं एनसीसी तथा अन्य समाजसेवी संगठनों द्वारा कलश यात्रा में प्रतिभाग किया जा रहा है।

### पारिवारिक पेंशनर के मृत्यु की सूचना कोषागार में तत्काल दें

**मऊ।** वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि कोषागारों ऐसे प्रकरण संज्ञान में आते रहे हैं, जिनमें पेंशनर व पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरान्त उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना सम्बन्धित कोषागार को नहीं दी जाती है, जिसके फलस्वरूप कोषागार द्वारा पेंशनर व पारिवारिक पेंशन का भुगतान जारी रखा जाता है। बाद में जानकारी मिलने पर अधिक भुगतान की वसूली की कार्यवाही करनी पड़ती है। इस सम्बन्ध में उन्होंने समस्त सम्बन्धितो को सूचित किया कि यथा स्थिति पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर इसकी सूचना सम्बन्धित कोषागार को तत्काल प्रदान की जाये। यह पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर के परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य है । यह भी ध्यान रहे कि ऐसे किसी भी प्रकरण में अनियमित भुगतान की धनराशि अनाधिकृत है, जिसकी वसूली बैंक के माध्यम से अथवा भू-राजस्व के बकाये के रूप में वसूल किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

### मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/मऊ**

मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक के दौरान यातायात प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार यादव ने बताया कि माह अगस्त 2023 में ब्लैक फिल्म में कुल 78 वाहनों का चालान किया गया एवं अन्य अभियोग में 8718 अभियोग का चालान किया गया। बैठक के दौरान एआरटीओ सुहेल अहमद ने बताया कि माह अगस्त 2023 में हेलमेट के अभियोग में 524 वाहनों का चालान, सीट बेल्ट के अभियोग में 123 वाहनों का चालान तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने के अभियोग में 52 वाहनों का चालान किया गया। इसी क्रम में प्रेशर हॉर्न में कुल 11 वाहनों का चालान किया गया।



उन्होंने बताया कि 40 वाहनों से काली फिल्म उतरवाया गया तथा काली फिल्म लगी 26 वाहनों का चालान किया गया। एआरटीओ ने बताया कि बिना नंबर प्लेट तथा एचएसआरपी के अभिलेख में 17 वाहनों का चालान किया गया। बैठक के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी ने सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों को निर्देश दिए की उनसे संबंधित समस्त कार्यों को सही ढंग से संपन्न करें। उन्होंने बिना हेलमेट के वाहन चलाने, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्य राजस्व अधिकारी ने यातायात प्रभारी निरीक्षक को यातायात से जुड़े सभी नियमों का पालन कराने के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा से जुड़े समस्त सदस्यों द्वारा किए जा रहे कार्यों का प्रचार प्रसार करने के निर्देश मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा दिए गए। जिससे प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों को लोग देख सकें। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, एआरटीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक, यातायात प्रभारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## खबरें फटाफट

### प्रेमी की धुनाई कर पुलिस को सौंपा

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाने के धामूपुर गांव में आधी रात को प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी की ग्रामीणों ने जमकर धुनाई कर दी।112 नंबर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ से प्रेमी को बचाकर थाने लाई। इस सिलसिले में थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने कहा कि युवक को हिरासत में लिया गया है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। फिलहाल जांच की जा रही है जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### बैटरी चोर गिरफ्तार

**चंदौली।** धानापुर थाना क्षेत्र के बाजार में स्थित एक घर में घुस कर एक व्यक्ति ने बैटरी चुरा लिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चोर की पहचान कर उसके घर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शुभम पांडे निवासी कस्बा धानापुर से पूछताछ के बाद उसने कबूल किया कि बैटरी चोरी करने के बाद उसे रोडवेज बस स्टैंड के पास बगीचे में छुपा दिया गया है। पुलिस ने चोर की निशानदेही पर बैटरी को बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### कार्यकताओं की सहभागिता होगी स्पष्ट

मऊ। भाजपा की विधानसभा मोहम्मदाबाद गोहाना-355 की चुनाव संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, उत्तर प्रदेश डॉ समीर सिंह जी ने आयुष्मान भव:, शहरी एवं ग्रामीण आवास समेत अन्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं का बोध कराने एवं क्रियान्वयन के लिए बूथ स्तर पर कार्यकताओं की सक्रियता व सहभागिता स्पष्ट करने का आह्वान किया। उक्त बैठक में निवर्तमान विधानसभा प्रत्याशी पूनम सरोज, लोकसभा संयोजक मुन्ना दुबे, विधानसभा प्रभारी अरविंद सिंह, विस संयोजक लाल जी वर्मा, मंडल अध्यक्ष करहां ओंकार सिंह, मंडल अध्यक्ष मोहम्मदाबाद गोहाना रामशरण चौहान, मंडल अध्यक्ष खुरहट सुमित राय, मंडल अध्यक्ष रानीपुर योगेश सिंह, सोशल मीडिया संयोजक रजनीश दुबे, सह संयोजक अनमोल साहू, विस लीगल टीम संयोजक आलोक श्रीवास्तव समेत अन्य सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### रोजगार मेले में 139 का हुआ चयन

**मऊ।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास के संयुक्त तत्वावधान में आईटीआई कैम्पस सहादतपुरा मऊ में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले एनएसडीसी (नेशनल स्किल डेवेलपमेन्ट कॉर्पोरेशन), प्रेरणा ग्रुप, शिवशक्ति एग्रोटेक प्रालि, भारतीय जीवन बीमा निगम, महामाया विकास गारमेन्टस लि० द्वारा प्रतिभाग कर 210 अभ्यर्थियों में से 139 का चयन किया गया। रोजगार मेले के सफल क्रियान्वयन में कार्यालय के जिला सेवायोजन अधिकारी, सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

### वामपंथियों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

मऊ। जनपद में में संयुक्त वामपंथी दल के लोगों ने वर्तमान सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को अल्पसंख्यक और दलित विरोधी बताते हुए जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया गया। एक तरफ जहां प्रदेश सरकार दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक को लेकर तमाम दावे करती आ रही है। वहीं, दूसरी तरफ संयुक्त वामपंथी दल के लोगों द्वारा सूबे की योगी सरकार को दलित और अल्पसंख्यक विरोधी बताया है। संयुक्त वामपंथी दल के लोगों ने हाल ही में हुई कुछ घटनाओं का जिक्र करते हुए प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया। उत्तर प्रदेश में जब पहली बार योगी सरकार बनी थी तब से वामपंथी दल के लोगों का विरोध जारी है।

## महापुरुषों की तरह राजा सुहेलदेव का होना चाहिए सम्मान: मंत्री

**केटी न्यूज/चंदौली**

चहनियां स्थित मां खंडवारी पीजी कालेज में महाराजा सुहेलदेव प्रतिनिधि बैठक व गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, सुहेलदेव राजभर व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। साथ ही, आगामी लोकसभा चुनाव के बाबत समाज और कार्यकताओं की नब्ज टटोली। इस दौरान विपक्ष पर जमकर निशाना साधा।



इस दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि चुनाव नजदीक है, हमें राजनैतिक गतिविधियों को समझना है। इसके लिए हमलोग विधानसभा वार बैठक कर चुनाव में हम अपने समाज की ताकत दिखायेंगे। बैठक में उन्होंने हर घर भगवा हर सर भगवा का नारा दिया। जिसे चुनाव तक पूरे जोश के साथ जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजभर समाज की पहचान दूसरे तरीके से बनाई जा रही है, उससे हमें सतर्क रहना चाहिए। जिन संकल्पों के साथ आप ने त्याग देकर पार्टी को आगे बढ़ाया है। यह आपके बलिदान, साहस, मेहनत की देन है। जैसे हर महापुरुषों का सम्मान करता है। वैसे ही हमारे राजा सुहेलदेव का सम्मान होना चाहिए। चितौड़ा का मैदान पर जहां महाराज सुहेलदेव ने लड़ाई लड़ी वहां जमीन देखी जा रही है। उनके याद में बड़ा कार्य होगा।

मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि जहां जहां सुहेलदेव की यादें जुड़ी हैं सरकार कुछ न कुछ करने जा रही है। जो आत्मनिर्भर व सम्मान पाने की लड़ाई है, अभी हम आधे रास्ते पर पहुंचे हैं, और ये सम्मान हर सर भगवा, हर घर भगवा से मिलेगा। किसी दलाल के माध्यम से नहीं होना चाहिए। जब चुनाव आता है तो लोग हमारे समाज का दुरुपयोग करते हैं किन्तु ऐसा होने से हमे बचना होगा। मोदी सरकार में सबका विकास हुआ है। इस संगठन का उद्देश्य है कि हमारे समाज को अधिकार मिले। हमारा समाज मोदी जी खुद जुड़े है, न की किसी दलाल के माध्यम से। पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसको हम समाज के लोग दिखा दे।

### निरीक्षण के दौरान सचिव ने बंदियों का जाना हाल, कहा-

## जेल में बंदियों को न हो कोई समस्या

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव दीपेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा गुरुवार को जेल का निरीक्षण किया गया। बंदियों से निःशुल्क अधिवक्ता, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गयी एवं उनके यथोचित अधिकार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 979 बंदी निरूद्ध है।

जिसमें 858 पुरूष, 46 महिला के साथ 8 बच्चा निरूद्ध है व 75 अल्पवयस्क है। इनको सुबह का नाश्ता-ब्रेड, चाय व दोपहर का भोजन-रोटी, चावल, अरहर की दाल, सब्जी (आलू, मूली) तथा सायं का भोजन-रोटी, चावल, चना की दाल सब्जी (आलू, चौकी) दिया जाता है। इस दौरान सचिव द्वारा पुरूष एवं महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया तथा जेल के कई



■ सचिव ने बंदियों को विधिक जानकारी से कराया अवगत

बंदियों से बात कर उनकी समस्याओं को समझने के साथ ही उनके निस्तारण का निर्देश दिया।

सचिव ने कारापाल को जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से व समुचित विधिक सहायता प्राप्त हो सके। उन्होंने कारागार परिसर में साफ-सफाई, मच्छरों के बचाव के लिए छिड़काव के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक राकेश वर्मा व कारापाल रविन्द्र सिंह यादव उपस्थित रहे। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला कारागार के जेल वार्डर/कम्प्यूटर आपरेटर विवेक कुमार यादव व अजय कुमार गुप्ता को नालसा पोर्टल पर विधिक सहायता हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों को अपलोड करने हेतु जयप्रकाश कुशवाहा, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### जिला जज ने जेल में व्यवस्था दुरुस्त रखने का दिया निर्देश

**चंदौली।** जिला जज सुनील कुमार डीएम निखिल टी फुंडे व एसपी डा. अनिल कुमार ने बृहस्पतिवार को जिला कारागार वाराणसी का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जेल में पहुंच कर बैरकों की जांच की और बंदियों को मिल रही सुविधाओं के बाबत भी बात किया। डीएम ने बताया कि निरीक्षण में जेल में कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली है। सब कुछ सामान्य ही रहा। इस दौरान जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। बंदियों के लिए अनुमन्य सुविधाएं मुहैया कराया जाना प्रमुख है। पुलिस अधीक्षक ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि जेल में मोबाइल का प्रयोग किसी भी हाल में न होने पाए, इस पर विशेष तौर से नजर रखें। इसके साथ ही बंदियों से मिलने आने वालों का भी रिकार्ड रखा जाए। अधिकारियों ने पाकशाला, लाइब्रेरी व चिकित्सालय का हाल देखा।

### छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

**पीडीडीयू नगर (चंदौली)।** क्षेत्र के गांधी राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सदलपुरा ने मंडल स्तरीय भारोत्तोलन की प्रतियोगिता के लिए जनपद के विभिन्न विद्यालयों से कुल 21 छात्र छात्राओं को चयनित किया। सभी छात्रों को मेडल देकर सम्मानित प्रधानाचार्य राजकुमार द्वारा किया गया। जौनपुर में 30 सितंबर को मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

इसके तहत जनपद के तमाम स्कूलों के छात्र-छात्राओं को शामिल कर जनपद स्तर पर चयनित किया जा रहा है। इसके तहत गांधी राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सदलपुरा को भारत्तोलन व फुटबाल के बच्चों को चयनित करना है। इसमें जनपद स्तरीय प्रतियोगिता भारत्तोलन के लिए कराया गया ।जिसमें विभिन्न स्कूलों से कुल 21 छात्र छात्रों का चयन किया गया। इन छात्र छात्राओं को प्रधानाचार्य राजकुमार ने मेडल देकर सम्मानित करने का काम किया। वही इन बच्चों को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करने का काम किया। इस मौके पर धनंजय कुमार सिंह,राकेश सिंह,मिथिलेश सिंह शाहिद आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

## गगनभेदी नारों के साथ हुआ वितरक जोड़ो यात्रा का स्वागत



**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर (चंदौली)**

भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ उत्तर प्रदेश के महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर शिप्रा ट्रेन से पहुंची वितरक जोड़ो यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान झारखंड बिहार बंगाल उड़ीसा चार राज्य के प्रभारी राम रक्षा सिंह व धनबाद अध्यक्ष यदुनाथ मंडल भागलपुर अध्यक्ष कन्हैया यादव, गया अध्यक्ष विमलेश प्रसाद, आरा अध्यक्ष आनंद सिंह राहुल सिंह का गगन भेदी नारा लगाकर व अंग वस्त्र देकर शानदार स्वागत किया गया। प्रभारी राम रक्षा सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में जन जागरण के द्वारा मित्र को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है एकता में ही शक्ति है हम लोगों को एक होकर सरकार को अपनी ताकत दिखाना होगा। केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार हम लोगों के लिए कोई भी कल्याणकारी योजना नहीं चालू किया है जबकि कई मांग पत्र दिया गया है। कोरोना महामारी से अखबार का सेल कम हो गया है इस कारण आमदनी भी कम हो गई है। महंगाई चरम सीमा पर है। वितरक पलायन कर रहे हैं। लोग भुखमरी के कगार पर हैं। सरकार को ध्यान देना ही होगा।

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर निकलेगी बाइक जागरुकता रैली

**पीडीडीयू नगर (चंदौली)।** दिल्ली में होने वाली रैली के सफल आयोजन व सरकार पर दबाव बनाने को लेकर 25 सितम्बर को एक जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया है। जिसमे रेलवे के तमाम संगठनों के साथ राज्य कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे। बाइक रैली लोको कॉलोनी स्थित पानी की टंकी के पास से शुरू होगी। जो लोको कॉलोनी, डीजल कॉलोनी, न्यू सेंट्रल कॉलोनी, मानस कॉलोनी होते हुए शास्त्री कॉलोनी में घूमकर इंडियन इंस्टीच्यूट में समाप्त होगी। इस बाबत आल इंडिया लोको रनिंग स्टाप एसोसिएशन के सहायक जोनल सिकेट्री डीके मिश्रा ने बताया कि एक अक्टूबर को दिल्ली में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर विशाल रैली व सभा का आयोजन किया गया है। जिसके सफलता के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए बाइक रैली का आयोजन किया गया है। रैली में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रैली को सफल बनाने का आह्वान किया।

## कोटेदार पर अंगूठा लगाकर राशन चोरी करने का आरोप, तीन गिरफ्तार



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

दुल्लहपुर थाने के धर्मागतपुर के कोटेदार कुबेर राम अगस्त माह में 300 राशन कार्ड धारकों से अंगूठा लगाकर दो दिन बाद राशन देने की बात कही थी।दो दिन बाद राशन लेने कार्ड धारक पहुंचे, तो घड़ियाली आसूं बहाकर रोने लगा कि मैं लूट गया सारे गोदाम में चोरी हो गई।

ग्रामीणों ने भी घड़ियाली आसूं के बहकावे में आकर रहम दिखाई। सितंबर माह में 17/18 को भी ग्रामीणों का अंगूठा लगवा लिया और 20 सितंबर की देर शाम राशन गोदाम में चोरी होने का रोना रोया तो ग्रामीण आग बबूला हो गए। लोगों ने तत्काल सीओ शेखर सेंगर, एसओ अशोक मिश्रा को सूचना दी। इस दौरान जांच में खुद कोटेदार कुबेर राम अपने बने जाल में फंस गया और पुलिस ने कोटेदार सहित तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। इसी मामले में जखनियां पूर्ति अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने गांव में राशन कार्डधारकों की जांच की, तो अंगूठा लगाकर राशन न देने का मामला दर्ज कर लिया गया। इस सिलसिले में पूर्ति अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि मामले में जांच चल रही है। शेष जांच कल की जाएगी और उचित कार्रवाई होगी। थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने कहा कि कोटेदार ने 300 ग्रामीणों से अंगूठा लगाकर राशन चोरी की झूठी सूचना दी है। कोटेदार सहित तीन को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### कन्या जन्मोत्सव : कन्याओं का मनाया गया जन्मदिन, दिया गया उपहार

## बेटा व बेटी में भेदभाव न करें अभिभावक: डीएम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आयार्का अखौरी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादात मिजार्पुर में 25 कन्याओं की माताओं की उपस्थिति में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया तथा गिफ्ट वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधीक्षक डॉ रामजी सिंह द्वारा महिलाओं को बेटियों के प्रति अच्छी सोच रखने तथा बेटा बेटी में कोई अंतर न करने तथा समय समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं जाने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि बेटा/बेटी में भेदभाव न करें, दोनों को समान शिक्षा दें, जिससे बेटियां भी अपने



पैरों पर खड़ा होकर परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन करें।

महिला कल्याण अधिकारी नेहा राय ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं के लिंगानुपात को बराबर करना है। कन्या जन्मोत्सव का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना है तथा समाज में बालिका के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है।

महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, के बारे में भी बताया। जिला समन्वयक शिखा सिंह गौतम एवं लक्ष्मी मौर्य के द्वारा विभाग द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का फार्म भरवाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### रंगदारी वसूलने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**चंदौली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन में पेट्रोलियम लेने पहुंचे टैंकर चालक को डरा धमका कर गुंडा टैक्स वसूलने वाले दो शातिर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने बताया कि पूरे दत्तक का पुरवा थाना धनपतगंज जिला सुल्तानपुर निवासी टैंकर चालक विजय कुमार पांडे बीते 20 सितंबर को अलीनगर स्थित इंडियन ऑयल डिपो में अपने टैंकर में तेल डलवाने पहुंचे थे। इसी बीच तीन मोटरसाइकिलों पर सवार छह व्यक्तियों द्वारा डरा धमका कर उनसे गुंडा टैक्स और रंगदारी की वसूली की गई थी। पुलिस ने इस मामले में दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने सूरज कुमार चौहान पुत्र कन्हैया चौहान निवासी ग्राम सरेसर तथा लवकुश यादव पुत्र मुरहू यादव निवासी ग्राम सरेसर थाना अलीनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## एक नजर

### महाकपालिक बाबा कीनाराम की मनी छट्ठी



**चहनियां (चंदौली)।** महाकपालिक योगीराज बाबा कीनाराम जी की छठी का पर्व गुरुवार को रामगढ़ स्थित मठ में धूमधाम पूर्वक मनाया गया। मठ प्रबंधन द्वारा बाबा का पूजन अर्चन विधिवत किया गया। लोगो में प्रसाद का वितरण हुआ।रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम मठ में 13 से 15 सितम्बर तक बाबा कीनाराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाये जाने के छह दिन बाद लोलार्क षष्ठी के दिन अघोराचार्य बाबा कीनाराम जी के छठी महोत्सव का आयोजन किया जाता है। गुरुवार को बाबा कीनाराम महोत्सव को बड़ा रूप देने वाले पंकज पाण्डेय ने सुबह बाबा की आरती के बाद प्रातः आठ बजे हवन पूजन व आरती द्वारा अखंड धूनी और बाबा कीनाराम जी के समाधि का विधिवत हवन पूजन अर्चन किया। नौ बजे से पूज्य बाबा कीनाराम जी का श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन पूजन व तदुपरांत भक्तों में प्रसाद वितरण हुआ। क्षेत्रीय कलाकार आलोक पाण्डेय, मिथिलेश विश्वकर्मा द्वारा रामायण पाठ, सोहर गीत, भजन कीर्तन व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छठ्ठी कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभुनाथ पाण्डेय, सुधीन्द्र पाण्डेय, राजकुमार सिंह, अनुराग पाण्डेय, अभय कुमार पीके, दीना दादा, राकेश सिंह, संतोष पटेल, अशोक कुशवाहा, मुकेश साहनी, दिनेश सोनकर, मुलायम यादव, किशन चौरसिया, मुकेश साहनी पुरोहित देवदत्त पाण्डेय अमृत पाठक, दिलीप यादव, समेत तमाम लोग उपस्थित थे।

### पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर पेंशनर्स ने दिया धरना, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**चंदौली।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर केंद्रीय व राज्य कर्मचारियों, शिक्षक अधिकारियों पेंशनर्स ने बृहस्पतिवार को धरना स्थल पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस दौरान राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर लंबे समय से आवाज उठाई जा रही है। लेकिन सरकार इसपर ध्यान नहीं दे रही है। मांगों के प्रति सरकार उदासीन बनी हुई है। इससे कर्मचारियों को आंदोलन करने को विवश होना पड़ रहा है। वक्ताओं ने चेताया कि यदि सरकार मांगों पर जल्द विचार नहीं करती है तो आने वाले समय में इसका खामियाजा भुगतना होगा। इस मौके पर जिला मंत्री अश्विनी श्रीवास्तव, सुरेंद्र प्रताप सिंह, संजय सिंह, राकेश कुमार, संतोष सिंह, अमरनाथ, केदारनाथ, जफर अहमद, डा. जय कुमार सिंह, सुरेंद्र प्रताप गुप्ता आदि मौजूद रहे।



### खाद्य पदार्थों की जांच के लिए 45 नमूने लिए गए

**गाजीपुर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन सहायक आयुक्त (खाद्य) ने बताया कि वर्तमान में सहायक आयुक्त (खाद्य) वाराणसी मण्डल द्वारा प्रदत्त एफएसडब्ल्यू वैन के माध्यम से तहसील जखनियां में विभिन्न खाद्य पदार्थों के 45 नमूने जॉच में लिए गए। जिसमें बुजुर्गा बाजार से एफएसडब्ल्यू वैन के माध्यम से 30 नमूनें जॉच किए गए। जिनमें से मिल्क केक का 01, छेना की मिठाई के 02 नमूने एवं बर्फी का 01 नमूना, बाह्य पदार्थ युक्त पाए गये। काली मिर्च का 01 नमूने में सिन्थेटिक कलर पाया गया। हंसराजपुर बाजार से एफएसडब्ल्यू वैन के माध्यम से 15 नमूनें जॉच किए गए। यह नमूने मानक के अनुरूप पाए गए। मौके पर ही खाद्य कारोबारकताओं को जॉच रिपोर्ट से अवगत कराया गया। उन्हें भविष्य में खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता में सुधार के लिए निर्देशित किया गया तथा मौके पर उपस्थित आम जनमानस के व्यक्तियों को खाद्य पदार्थों में मिलावट के संबंध में जागरूक किया गया। एफएसडब्ल्यू वैन का संचालन मो0 हनीफ लैब टेक्नीशियन एवं गुलाब चंद गुप्ता खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। शिव कुमार पटेल बहुउद्देशीय कार्मिक द्वारा टीम का सहयोग किया गया।



### विघ्नहर्ता के समक्ष कलाकारों ने प्रस्तुत की स्वरांजलि

**पीडीडीयू नगर(चंदौली)।** श्री गणेश चतुर्थी के तृतीय दिवस पर न्यू महाल निवासी सुधीर भास्कर राव पाण्डेय के आवास पर भगवान श्री गणेश की आरती की गई। इस दौरान कलाकारों ने विघ्नहर्ता के समक्ष स्वरांजलि प्रस्तुत किया। उपस्थित सभी भक्तों ने भगवान श्री गणेश की आरती करते हुए अपने जीवन में होने वाले अवरोध को दूर करने की प्रार्थना किया। तृतीय दिवस पर गीत संगीत का भी आयोजन किया गया, जिसमे श्रुति पाण्डेय ने भगवान श्री गणेश जी की वंदना ,भजन जय गणपति वंदन गणनायक गा कर शुभारम्भ किया। इसी क्रम में परिमलचंद रॉय ने गाइए गणपति जग वंदन की प्रस्तुति किया। धर्म प्रकाश जी ने राधे तेरी चरणों की धूल मिल जाए भजन प्रस्तुत किया। दिव्यांशी शर्मा ने गणपति नमोनमः की भजन गाया साथ ही तनिषा ने एक दंत दया वंत, वक्र टुंडाय पर नृत्य प्रस्तुत किया। मारुति नंदन ने जय रघुनंदन जय सियाराम का सुन्दर भजन गाया। ढोलक पर चार्ल्स डेविड, हरमोनियम पर परिमल चंद रॉय ने संगत की। इस अवसर पर सुधीर भास्कर राव पाण्डे, अर्चना पाण्डे, श्रुति पाण्डे, प्रशान्त बोरवणकर, सुषमा पाण्डेय, शरद चन्द्र मिश्र, प्रमिला मिश्रा, नीता बोरवणकर, आनन्द प्रकाश सिंह, उर्मिला सिंह, धर्मेंद्र, दिव्यांशी शर्मा, अदिति शर्मा, कृष्णा अग्रवाल, विजय प्रताप, सूरज कुमार, आदित्य, मोनिका शर्मा, राजीव श्रीवास्तव, मनोज पाठक, साक्षी, राज कुमार राजपूत, गायत्री जी निवेदिता, सक्षम, मीता रॉय, संजय शर्मा सहित अन्य श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।



### 50 हजार इनामिया अपराधी गिरफ्तार

**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के निर्देश पर उप निरीक्षक कृष्ण प्रताप सिंह ने टीम के साथ नकबजनी, चोरी/छिनैती करने वाले तथा लुटेरों की तलाश में परसा तिराहे पर पहुंचकर आने-जाने वाले वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करने लगे। तभी एक मोटर साइकिल बाराचवर की तरफ से तेजी से आती दिखाई दी। पुलिसवालों को देख पीछे मोटर साइकिल को मोड़कर भागना चाहा, तभी वह सड़क के किनारे गिर गया। शक होने पर मोटर साइकिल चालक को पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गई, तो उसने अपना नाम शिवकुमार उर्फ सोनू साहनी (27) पुत्र हरिवंद्र साहनी निवासी बरबग्गा भरौटी थाना दक्षिण टोला मऊ बताया तथा जामा तलाशी से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा चोरी का 5000 रुपया और एक चोरी की बाइक बरामद की गई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाने में सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पूछताछ एवं अन्य कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है।